शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

**अष्टम महागौरी**



आज अष्टांग योग की अधिष्ठात्री देवी महागौरी की पूजा-अर्चना होगी। सौभाग्य, धन-संपदा, सौंदर्य और स्त्री जनित गुणों की अधिष्ठात्री देवो महागौरी हैं। भगवान शिव ने मां काली पर गंगाजल छिड़का तो वह महागौरी हो गईं। महागौरी सृष्टि का आधार एवं अक्षत सुहाग की प्रतीक हैं। देवी के इस रूप की पूजा-अर्चना विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य का फल प्रदान करती है।


वर्ष : 26 | अंक : 289 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 10 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## यमुना प्राधिकरण आवासीय ड्रॉ

# जेवर एयरपोर्ट के पास खुली किस्मत

## स्कूल के बच्चों ने निकाली पर्ची, उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीशों की निगरानी में ड्रॉ



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) के पास अपना घर बनाने वाले सैकड़ों लोगों का सपना आज नवरात्र के पावन पर्व पर पूरा हो गया। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की आवासीय भूखंड योजना में सफल आवेदकों के प्लॉट का ड्रॉ आज निकाला गया। यीडा की इस आवासीय भूखंड योजना में विभिन्न वर्गमीटर के भूखंडों के लिए 1.87 लाख आवेदकों की किस्मत का फैसला आज हुआ। 361 आवासीय भूखंडों की योजना में 2.02 लाख आवेदकों ने फॉर्म भरे हैं। इसमें प्राधिकरण की शर्त के अनुसार एकमुश्त भुगतान वालों को वरीयता दी जाएगी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की आवासीय भूखंड योजना के प्लॉटों का ड्रॉ उच्च न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त जज की निगरानी में इंडिया एक्सपो मार्ट में सुबह 10 बजे शुरू हुआ। ड्रा में आवेदकों के नाम की पर्ची निकालकर भूखंड का आवंटन हुआ।


आपको बता दें कि यमुना प्राधिकरण ने जुलाई-2024 में सेक्टर-16,17,18 और 22डी में 361 भूखंडों की योजना लांच की थी। आवेदकों की अधिक संख्या को देखते हुए केवल एक प्रतिशत आवेदकों को ही लॉटरी स्थल पर उपस्थित रहने की अनुमति दी गई थी। बाकी आवेदक ऑन लाइन ड्रॉ प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे थे। ड्रॉ का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज, फेसबुक और यूटयूब पर किया जा रहा था।

### इन लोगों की खुली किस्मत

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों के ड्रॉ इंडिया एक्सपोमार्ट में हुआ। ड्रॉ में उच्च न्यायालय के पूर्व तीन जज मौजूद रहे। मंच का संचालन करूण शर्मा ने किया। सबसे पहले 120 वर्गमीटर के तीन भूखंडों का ड्रॉ हुआ जो एससी/एसटी किसान कोटे के थे। इस योजना में 56 आवेदक थे। ड्रॉ की पर्ची छात्रा साक्षी और तेजस ने निकाली। इस योजना में सबसे प्लॉट शोभेन्द्र का निकला। इसके बाद सफ्ल आवेदक चंद्रवती देवी रहीं जिनको सेक्टर-22डी में प्लॉट नं0 102 आवंटित हुआ। तीसरे नंबर का प्लॉट लांगश्री के नाम निकला जिन्हें सेक्टर-22डी में प्लॉट नं0 444 आवंटित हुआ।

इस ड्रॉ के बाद 120 वर्गमीटर के सामान्य किसान श्रेणी के ड्रॉ निकाले गए। जिनमें सफ्ल आवेदक भूपेन्द्र, धर्मपाल, निखिल कौशिक, विनोद, चन्द्रवती देवी, गजेन्द्र, शमशुददीन, रामवीर, हरिपाल, रजनी, इंद्र व वीरेन्द्र कुमार रहे। इस योजना में 12 भूखंड थे। विकलांग श्रेणी में 3 भूखंडों के लिए 72 आवेदक थे। इस श्रेणी में सफ्ल आवेदक रविन्द्र सिंह, अनिल कुमार व वीरसेन रहे। 120 वर्गमीटर के सामान्य श्रेणी के 66 प्लॉटों के लिए 66 हजार 294 आवेदक थे। इनमें सबसे पहला नाम सुमन लता का निकला जिन्हें सेक्टर-22डी में प्लॉट नं0 55 आवंटित किया गया। इस श्रेणी में अन्य सफ्ल आवेदक आकाश शर्मा, श्रवण गर्ग, रंजीत भटनागर, विजय कुमार व नीरज कुमार सहित अन्य लोग रहे। समाचार लिखे जाने तक विभिन्न वर्गमीटर के प्लॉटों का ड्रॉ चल रहा था।

# तिरंगे में लिपटा रतन टाटा का शव






**मुंबई (एजेंसी)।** देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर देशभर में शोक की लहर है। उन्होंने 86 साल की आयु में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। टाटा के निधन पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने समूह की तरफ से संदेश जारी किया। चंद्रशेखरन ने पद्मविभूषण रतन टाटा योगदान को अतुल्य बताया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि टाटा का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लपेटकर मुंबई के एनसीपीए लॉन में रखा गया है। जहां बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्म, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, (शेष पृष्ठ-4 पर)



**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बृहस्पतिवार को जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर स्थित 'आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ' में माँ भगवती के दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने जगद्धात्री माँ जगदम्बा से प्रार्थना की वह अपना आशीर्वाद सम्पूर्ण जगत पर बनाए रखें।**

## 'केस वापस न लिया तो जान से मार देंगे'

### तारीख पर कोर्ट आ रहे व्यक्ति को दी धमकी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** फरीदाबाद से सूरजपुर स्थित न्यायालय में तारीख पर आ रहे दो व्यक्तियों के साथ थार कार सवार बदमाशों ने मारपीट की। बदमाशों ने धमकी दी कि यदि उसने कैस वापस नहीं लिया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित ने थाना दनकौर में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम नवादा फरीदाबाद निवासी यूनुस खान ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने साथी अनीश खान के साथ 3 अक्टूबर को फरीदाबाद से मंझावली पुल के रास्ते होते हुए सूरजपुर स्थित न्यायालय जा रहे थे। उनकी गाड़ी जैसे ही पुस्ता रोड पर पहुंची तो बिना नंबर की थार कार सवार युवकों ने उनकी कार को जबरन रुकवा लिया। थार कार से उतरे चार बदमाशों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो बदमाशों ने उनकी कार के शीशे तोड़ दिए। घटना स्थल पर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## युवक की हत्या में तीन आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हत्या कर फेके गए युवक की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पैसों के लेन-देन के चलते युवक की हत्या की थी।

ग्रेटर नोएडा जोन के डीसीपी ने बताया कि 7 अक्टूबर को थाना दादरी क्षेत्र में एक युवक का शव बरामद हुआ था युवक के सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस टीम इस मामले का खुलासा करने में जुटी हुई थी।

जांच पड़ताल के दौरान मृतक की पहचान वेव सिटी निवासी अमित कुमार सिंह के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। पुलिस को पता चला कि अमित कुमार का पैसों को लेनदेन को लेकर अपने परिचितों से विवाद चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त की गई दो गाड़ियों को भी बरामद किया है।

## बिशनपुरा गांव से किशोरी लापता

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के बिशनपुरा गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बिशनपुरा गांव में किराए पर रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 8 अक्टूबर को किसी काम से घर से बाहर गया था। घर पर उसकी 16 वर्षीय बेटी अकेली थी। दोपहर बाद जब वह घर वापस लौटा तो उसकी बेटी घर पर नहीं थी। उसने आस पड़ोस में अपनी बेटी की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इस दौरान पड़ोसियों ने बताया कि उसकी बेटी 1:00 बजे के करीब घर से निकली थी। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## कंपनी से पूर्व कर्मचारी ने चुराया डाटा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-58 में एक कंपनी की प्रबंधक ने अपने पूर्व कर्मचारी के खिलाफ कंपनी का डाटा चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी प्रबंधक का कहना है कि उनके पूर्व कर्मचारियों ने कंपनी के डाटा का दुरुपयोग कर कंपनी को खासी आर्थिक क्षति पहुंचाई है। सेक्टर-58 स्थित बायोन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की (शेष पृष्ठ-4 पर)

## कैब चालक को बंधक बनाकर लूटपाट

### मुरादनगर में फेंक कर भागे बदमाश

**नोएडा (चेतना मंच)।** दो बदमाशों ने नोएडा में कैब चालक को बंधक बनाकर उसे 37 हजार रुपए की नगदी लूट ली। बदमाश रात भर उसे सुनसान सड़कों पर घूमाते रहे और सुबह के समय उसे मुरादनगर पाइपलाइन रोड पर छोड़कर फरार हो गए पीड़ित ने इसकी जीरो एफआईआर थाना मुरादनगर में दर्ज कराई। थाना मुरादनगर पुलिस ने एफ आई आर को थाना सेक्टर 113 के लिए ट्रांसफर कर दिया है।

मूल रूप से कन्नौज निवासी देवांशु ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पीड़ित वह सेक्टर 73 में रह रहा है। 12 अगस्त को तीन व्यक्तियों ने उसकी स्विफ्ट कार मुरादनगर के लिए बुक कराई थी। उसकी कार में दो लोग बैठे जबकि एक व्यक्ति बाइक से कार के साथ चल रहा था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## कलेक्शन एजेंट को लूटने वाले बदमाश मुठभेड़ में लंगड़े

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कलेक्शन एजेंट के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को थाना बीटा दो व स्वाट टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक पिस्तौल, तमंचा, कारतूस व कलेक्शन एजेंट से लूटे गए रुपए बरामद हुए हैं। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना बीटा दो पुलिस व स्वाट टीम (शेष पृष्ठ-4 पर)



## फ्लैट खरीदने गए पूर्व पीसीएस अफसर से बदसलूकी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** फ्लैट खरीदने गए सेवानिवृत्ति पीसीएस अफसर के साथ कुछ लोगों ने गाली गलौज व अभद्रता की। सेवानिवृत अधिकारी ने थाना बीटा दो में मुकदमा दर्ज कराया है। अलीगढ़ निवासी विनोद कुमार यदुवंशी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेवानिवृत्ति पीसीएस अफसर हैं। 7 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी के साथ एक फ्लैट खरीदने के लिए सेक्टर चाई निम्बस पार्क व्यू अपार्टमेंट स्थित सेल्स ऑफिस में गए थे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## बीएचईएल कॉलोनी के घर में चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-17 स्थित बीएचईएल भेल कॉलोनी में चोरों ने एक मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया।चोर घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोने के जेवरात, 45 हजार रुपए व अन्य सामान चोरी कर ले गए।

भेल कॉलोनी में रहने वाले सुमित सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 8 अक्टूबर को वह अपने ऑफिस चले गए थे।

उनकी पत्नी 12:30 बजे बेटे को स्कूल लेने के लिए गई थी। कुछ देर बाद जब वह वापस घर लौटी तो उन्हें घर का ताला टूटा हुआ और अलमारी खुली मिली। घर के भीतर जाने पर पता चला कि चोर अलमारी से सोने की दो चेन, एक नेकलेस, सोने की अंगूठी, एक हीरे की अंगूठी, तीन जोड़ी पायल और 45000 रुपए चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि भेल कॉलोनी के मुख्य द्वार पर बिना सिक्योरिटी चेकिंग के किसी भी अजनबी को प्रवेश नहीं दिया जाता है। इसके बावजूद भी सोसाइटी में चोरी होने की घटना से लोगों में भय व्याप्त है। थाना प्रभारी का कहना है कि घटना स्थल व मुख्य द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्दी इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



## मुलायम सिंह की पुण्यतिथि पर सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं भारत के पूर्व रक्षामंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओ ने हवन का भी आयोजन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के विचारों से प्रभावित होकर नेता जी ने छात्र जीवन से ही देश में समाजवादी आन्दोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया डॉ लोहिया के सपनों को साकार करने के काम किया। उन्होंने गरीब, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़ों के हकों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ी और उनके हितों के लिए आजीवन संघर्ष किया।




उन्होंने कहा कि नेता जी ने पूरे देश में समाजवादी कि अलख जगा अमीर और गरीब के बीच खाई को पाटने का काम किया। उन्होंने देश के रक्षा मंत्री के रूप में भारतीय सेना को मजबूत करने का काम किया और सैनिकों को आवश्यक सुविधाओं के साथ-साथ सम्मान दिलाने काम किया।

पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग की। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष फकीर चन्द नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा



फ़ोन .08750611103

## भाजपा की हैट्रिक

हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा को जनादेश मिला है। यह अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जनादेश है, क्योंकि हरियाणा में किसी भी पार्टी को, लगातार तीसरी बार, जनादेश नहीं मिला है। इस जनादेश ने एग्जिट पोल के तमाम आकलन और अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। कांग्रेस का 'किसान, जवान, पहलवान और संविधान' वाला नेरेटिव भी खोखला और छद्म साबित हुआ। दरअसल कोई भी सर्वेक्षण हरियाणा के भीतरी यथार्थ को पढ़ नहीं पाया, लिहाजा अनुमान भी गलत साबित हुए। एक टीवी चैनल ने हरियाणा के 100 स्थानीय पत्रकारों के आकलन भी आमंत्रित किए थे। उनका औसत निष्कर्ष था कि भाजपा ज्यादा से ज्यादा 18-20 सीटें जीत सकती है और कांग्रेस का बहुमत 60-65 सीट तक उछल सकता है। मतगणना शुरू हुई, तो भाजपा और कांग्रेस की सीटों का अंतर क्रमशः 18-20 और 58-60 का था। ये मतगणना के रुझान थे कि कौनसी पार्टी, कितनी आगे है। उसी दौर में कांग्रेसी जलेबियां खाने लगे, ढोल बजने लगे, डबल इंजन को खारिज करने के दावे करने लगे और विश्लेषणों का निष्कर्ष रहा कि कांग्रेस के पक्ष में प्रचंड लहर चली है, लेकिन ये मुगालते ही साबित हुए, क्योंकि दो घंटे की मतगणना के बाद ही बाजी पलट गई। आंकड़े बदलने लगे। बिल्कुल ही उलटफेर हो गया। चुनाव और मतगणना रोमांचक हो गए। शायद यही लोकतंत्र है! उसके बाद 50 सीटों के स्पष्ट बहुमत के साथ भाजपा आगे हो गई और कांग्रेस को 35 सीटों के रुझान मिले। जनादेश के ये रुझान दोपहर 1.30 बजे तक स्थिर बने रहे। साफ हो गया कि 2014, 2019 के बाद 2024 में भी हरियाणा विधानसभा का जनादेश भाजपा के पक्ष में रहा है। आंकड़े कुछ बदल भी सकते हैं, क्योंकि यह आलेख लिखने तक रुझान ही सामने थे। अब यह जनादेश हरियाणा का इतिहास बनेगा, क्योंकि कोई भी मुख्यमंत्री, राजनीतिक दल, लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश हासिल नहीं कर सका है। अब भाजपा आंदोलित होने लगी है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शानदार जीत के लिए बधाई दी है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि सैनी ही मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने, आगे की रणनीति के मद्देनजर, महासचिवों की बैठक बुलाई है। यह जनादेश जातीय नहीं रहा, हालांकि इस हकीकत से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। यह जनादेश जाट बनाम गैर-जाट का भी नहीं रहा, क्योंकि सोनीपत, झज्जर, रोहतक के एक हिस्से, भिवानी, हिसार, महेंद्रगढ़ आदि 'जाटलैंड' में भाजपा ने जीत हासिल कर कांग्रेस की रणनीति को ध्वस्त किया है। भाजपा ने कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, गुरुग्राम, फरीदाबाद और अहीरवाल के अपने बुनियादी गढ़ में भी शानदार जीत हासिल की है, जबकि तमाम 'एग्जिट पोल' और 'चुनावी पंडित' भाजपा को बुरी तरह पराजित बता रहे थे। जाट वोट कांग्रेस के भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौटाला परिवार के इंनेलो के बीच बंट गए, जबकि जेजेपी का वोट भाजपा के पक्ष में आया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री सैनी के कारण ओबीसी वोट भाजपा को मिले। भाजपा ने दलितों पर भी फोकस रखा। अब एग्जिट पोल करने वाले अपना धंधा बदल लें, क्योंकि लोकसभा चुनाव में भी उनके अनुमान गलत निकले थे। कांग्रेस भी 'मुहब्बत नफरत' के जुमलों वाली राजनीति पर मंथन करे। राजनीति मजाक में नहीं हुआ करती। देश को बांटने वाली सियासत को भी वोट नहीं मिला करते। बेशक भाजपा के 10-साला शासन के दौरान कई कमियां रही होंगी। राज्य में बेरोजगारी और महंगाई बड़े प्रबल मुद्दे हैं, लेकिन ये राष्ट्रव्यापी समस्याएं हैं। किसान और सेना में 'अग्निवीर' भी राष्ट्रीय मुद्दे हैं। इनके लिए राज्य सरकार को दोषी करार नहीं दिया जा सकता। जनता ने तय किया कि दायित्व डबल इंजन की सरकार को ही दिया जाए। कांग्रेस की मानसिकता आज भी 'पर्ची-खर्ची' वाली है। इस जनादेश का श्रेय भाजपा के काडर, नेताओं और अंततः प्रधानमंत्री को है, जिनके नेतृत्व में ऐसी रणनीति बनाई गई कि कांग्रेस के सपने ही धराशायी हो गए। बहरहाल आज जम्मू-कश्मीर का जनादेश भी घोषित किया गया है। वहां भाजपा सत्ता तक नहीं पहुंच सकती थी, फिर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उसका विश्लेषण हम कल करेंगे। बहरहाल, हरियाणा में भाजपा को सत्ता तो मिल गई है, लेकिन अब उसे अपने वादे भी निभाने होंगे। महंगाई और बेरोजगारी पर काफी कुछ किया जाना शेष है। भाजपा को विकास पर फोकस करना होगा। हरियाणा को पर्याप्त केंद्रीय मदद भी मिलनी चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जब दक्ष ने इतना बड़ा अधिकार पाया, तब उनके हृदय में अत्यन्त अभिमान आ गया। जगत में ऐसा कोई नहीं पैदा हुआ, जिसको प्रभुता पाकर मद न हो॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-दच्छ लिए मुनि बोलि सब करन लगे बड़ जाग।**
**नेवते सादर सकल सुर जे पावत मख भाग॥**

दक्ष ने सब मुनियों को बुला लिया और वे बड़ा यज्ञ करने लगे। जो देवता यज्ञ का भाग पाते हैं, दक्ष ने उन सबको आदर सहित निमन्त्रित किया॥

**किंनर नाग सिद्ध गंधर्बा। बधुन्ह समेत चले सुर सर्बा॥**
**बिष्नु बिरंचि महेसु बिहाई। चले सकल सुर जान बनाई॥**

(दक्ष का निमन्त्रण पाकर) किन्नर, नाग, सिद्ध, गन्धर्व और सब देवता अपनी-अपनी स्त्रियों सहित चले। विष्णु, ब्रह्मा और महादेवजी को छोड़कर सभी देवता अपना-अपना विमान सजाकर चले॥

**सतीं बिलोके ब्योम बिमाना। जात चले सुंदर बिधि नाना॥**
**सुर सुंदरी करहिं कल गाना। सुनत श्रवन छूटहिं मुनि ध्याना॥**

सतीजी ने देखा, अनेकों प्रकार के सुंदर विमान आकाश में चले जा रहे हैं, देव-सुन्दरियाँ मधुर गान कर रही हैं, जिन्हें सुनकर मुनियों का ध्यान छूट जाता है॥

(क्रमशः...)

# हरियाणा में कांग्रेस की हार पर छिड़ी हुई है चर्चा

हरियाणा की चुनावी परीक्षा में बीजेपी जहां 48 सीटें जीतकर पास हो गई, वहीं कांग्रेस को उम्मीदों से कम सीटें महज 37 मिलीं। वहीं, इंडियन नेशनल लोक दल को मात्र 2 सीटें मिलीं, जबकि 3 सीटें निर्दलीय प्रत्याशी जीत ले गए।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सूबे में सत्ताधारी पार्टियों के बी टीम के रूप में काम कर रहीं आम आदमी पार्टी, जननायक जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी आदि को बेहद खराब अंक मिले। हां, इन्होंने राज्य में कांग्रेस के ब?ते ग्राफ को थामने में भाजपा की अंदरखाने से मदद की, ताकि भविष्य में कोई भी मजबूत विपक्षी दल उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सके। इस अप्रत्याशित चुनाव परिणाम से जहां भाजपा की बांछें खिल गईं, वहीं कांग्रेस के सियासी हौसले लगातार तीसरी बार पस्त प? गए। इस बार तो वह जीती हुई बाजी हार गई। इससे यह साबित हो गया कि अब वह पूरी तरह से परजीवी पार्टी बन गई है। क्योंकि हरियाणा में भी अकेले थी तो हार गई। यही वजह है कि हरियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे-चौथे मोर्चे के जार-जार होने की चर्चा हर ओर छि?ी हुई है।

देखा जाए तो हरियाणा में कांग्रेस को शिकस्त देकर भाजपा ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि चुनावी रणनीति बनाने में उसके रणनीतिकारों की कोई तो? नहीं। हां, इतना जरूर है कि जब कभी भी और जहां कहीं भी वह हारती है तो अपनों की भीतरघात की वजह से और जहां कहीं भी ताल ठोंक कर जीतती है तो आरएसएस के वरदहस्त और अपने कार्यकर्ताओं के अतिउत्साह के चलते, जो हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते हैं। और अब जिस तरह से प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा करार दिया है, वह भी उसपर भारी प?ने वाला है। जिस तरह से भारत के लोकतंत्र, अर्थतंत्र और सामाजिक तानेबाने को कमजोर करने की अंतर्राष्ट्रीय साजिशें हो रही हैं, उसके मुताल्लिक पीएम मोदी की बातों में दम है। नि:सन्देह कांग्रेस उसी मुस्लिम लीग की ट्रू कॉपी बनती जा रही है, जिसके प्रतिरोध स्वरूप उसने राष्ट्र विभाजन तक को स्वीकार किया था।

सच कहूं तो हरियाणा के मामले में चुनावी पंडित जिस तरह से गच्चा खा गए, उससे फिर यह बात स्पष्ट हो गई कि राजनीति में दो जो? दो बराबर चार समझने की भूल कभी नहीं करनी चाहिए और जो ऐसा करते हैं, सियासत के हाशिये पर चले जाते हैं हुड्डा-शैलजा सरीखे अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तरह! जानकारों के मुताबिक, हरियाणा में हैट्रिक लगाते हुए भाजपा वहां तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी। आम चुनाव 2024 में कांग्रेस गठबंधन को मिली तात्कालिक अप्रत्याशित सफलता की बात यदि छो? भी दी जाए तो हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उ?ीसा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, असम, गुजरात आदि के बाद हरियाणा भी एक ऐसा राज्य बन चुका है, जहां पर बीजेपी ने अपने मजबूत चुनावी प्रबंधन से विरोधी पार्टियों के मंसूबे ध्वस्त कर दिए। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मूकश्मीर जैसे राज्यों में भी उसकी स्थिति सुधरी है।

हरियाणा में जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी के बावजूद बीजेपी का तीसरा बार जीतना बहुत मायने रखता है। क्योंकि उसकी जीत अब इस बात को स्पष्ट करती है कि एससी-ओबीसी मतदाताओं को खींचने में कामयाब रही। भले ही चुनाव नतीजों से पहले एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी और यहां तक कहा गया था कि किसान, जवान और पहलवान बीजेपी से नाराज हैं। इसलिए उससे सत्ता छिन जाएगी, लेकिन मुख्यमंत्री सैनी के आत्मविश्वास के चलते जो असल नतीजे आए, उससे कहानी बिल्कुल पलट गई है। गीता की धरती पर सत्य की जीत हुई। कुरुक्षेत्र वाले भूभाग में कौरवों सरीखी कांग्रेस हार गई।

बीजेपी ने गत लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए गैर जाट मतदाताओं को गोलबंद करने का काम किया और अपनी रणनीति में वह कामयाब हो गई। खासकर एससी और ओबीसी समुदाय से आने वाले मतदाताओं पर उसने फोकस किया और उनको अपनी तरफ खींचने में कामयाब रही। वहीं, चुनाव से ठीक पहले बीजेपी की सीएम बदलने वाली रणनीति भी गुजरात की तरह ही कामयाब रही। क्योंकि नायब सिंह सैनी, ओबीसी समुदाय से आते हैं, जिनको सीएम बनाने से ओबीसी मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक संदेश गया। वहीं, ओबीसी रणनीतिकार दिलीप मंडल को मलाईदार पद देने के बाद उनके समर्थकों ने भी कमल खिलाने का काम किया।




**हरियाणा में मिली अप्रत्याशित बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों के लिहाज से भी एक शुभ संकेत जैसा ही है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव से होगी। फिर दिल्ली भी इससे प्रभावित होगी, क्योंकि उसके चारों ओर कमल खिला हुआ है।**

भले ही हरियाणा में जाट मतदाताओं का वोट बैंक बहुत बड़ा है जिनके समर्थन पर कांग्रेस काफी निर्भर रही है, लेकिन उनमें भी दरार डालने में भाजपा सफल रही। जाट मतदाता कितने शक्तिशाली हैं, इसका अंदाजा इस बात से मिलता है कि राज्य में जाट समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री लगभग 33 साल तक शासन कर चुके हैं। हालांकि, वर्ष 2014 में, जब बीजेपी सत्ता में आई तो कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा को जाना पड़ा, जो जाट समाज से ही आते हैं। क्योंकि बीजेपी ने तब मनोहर लाल खट्टर को सीएम बनाया जो एक पंजाबी खत्री समुदाय से सम्बन्धित हैं। जब 2019 में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, तो उसने जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला का समर्थन लिया था, जो एक महत्वपूर्ण जाट नेता हैं।

बीजेपी के लिए यह जीत इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि उसके खिलाफ यहां तग?ी एंटी इनकंबेंसी लहर थी। जिससे पार्टी भी वाकिफ थी। इसलिये अंतिम समय में पार्टी ने नेतृत्व परिवर्तन किया और मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया। वहीं, राज्य बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और पूर्व सांसद संजय भाटिया जैसे वरिष्ठ नेताओं तक को विधानसभा चुनावों से दूर रखने का फैसला उनकी रजामंदी से किया। क्योंकि गत लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। 2024 के आम चुनावों में, बीजेपी ने 10 में से सिर्फ 5 लोकसभा सीटें जीतीं और महज 46.1 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि कांग्रेस ने बाकी सीटें छीन लीं और 43.7 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी का वोट शेयर 58 प्रतिशत था, जो अब 12 प्रतिशत घटकर 46.1 प्रतिशत रह गया। हालांकि विधानसभा चुनाव के आंकड़े अब बिलकुल अलग तस्वीर पेश करते हैं, जिससे भाजपा को भी सुकून मिली है।

हरियाणा में मिली अप्रत्याशित बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों के लिहाज से भी एक शुभ संकेत जैसा ही है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव से होगी। फिर दिल्ली भी इससे प्रभावित होगी, क्योंकि उसके चारों ओर कमल खिला हुआ है। इस प्रकार हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई अप्रत्याशित गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। क्योंकि यहां की जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में भी बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है। बशर्ते कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर कतरने वाली सियासत को वह अंदरूनी तौर पर ब?ावा नहीं दे। क्योंकि हरियाणा में भी सर्वाधिक मांग योगी की ही थी चुनाव प्रचार के दौरान। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में इस वर्ष के आखिर तक चुनाव होने वाले हैं। वहीं, झारखंड में भी जल्द ही चुनाव होंगे। संभव है कि दिल्ली का चुनाव भी इन राज्यों के साथ हो जाए। अगले वर्ष बिहार में भी चुनाव होंगे। इसलिए हरियाणा में जीत से बीजेपी को एक तरीके से आगामी चुनावों में जो नैतिक बढ़त हासिल होगी, वही उसकी वास्तविक पूंजी है।

वहीं, देश पर सर्वाधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस अंततः जीती हुई लड़ाई कैसे हारती है, यह भी हरियाणा के चुनाव परिणाम से समझा जा सकता है। जहां पार्टी युवराज और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अदूरदर्शिता भरी बयानबाजी ने पूरी पार्टी की लुटिया ही डुबो दी। जातिगत जनगणना, एससी और ओबीसी पॉलिटिक्स, अल्पसंख्यक सियासत पर पार्टी नेतृत्व के अतिरेक निर्णय ने उन सवर्ण जाटों को भी कांग्रेस के ऊपर फिदा होने से रोक दिया, जिनके दम पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पूरी सियासत चमक सकती थी। मैं राजनीतिक विश्लेषकों की उन बातों से सहमत नहीं हो सकता कि इस चुनाव में कांग्रेस को भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जरूरत से ज्यादा भरोसा महंगी पड़ी।

यह ठीक है कि हुड्डा को ज्यादा तरजीह दिए जाने के कारण कुमारी शैलजा विफर उठीं, जिससे कांग्रेस की आंतरिक कलह सार्वजनिक मंचों पर भी सामने आ गई। उनके बाद भले ही राहुल गांधी ने सैलजा और हुड्डा का हाथ मिलवाया, लेकिन उनके प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं के दिल आपस में नहीं मिल सके। इससे कांग्रेस बीजेपी के खिलाफ उपजे राज्यव्यापी गुस्से को भुनाने में कामयाब नहीं हो पाई। जबकि प्रचार के आखिरी चरण में बीजेपी ने अपने कील-कांटे इस प्रकार से दुरुस्त कर लिए कि उसकी जीत सुनिश्चित हो और ऐसा ही हुआ। अंततः भाजपा ने बाजी मार ली।

चर्चा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस में शुरु से ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की चली। जिन्होंने अपने मन के मुताबिक टिकट बांटे। चूंकि हाईकमान से फ्री हैंड मिलने के बाद हुड्डा ने न सिर्फ अपने समर्थकों को टिकट बांटे बल्कि सैलजा समर्थकों को महज 9 कमजोर सीट देकर साइड लाइन कर दिया। इस तरह से उन्होंने अपनी ही पार्टी में अंतर्कलह के बीज रोप दिए। नतीजा सामने है, क्योंकि सैलजा की सार्वजनिक नाराजगी के बाद कांग्रेस के दलित कार्यकर्ता छिटक गए। राहुल की आरक्षण हटाने वाली बयानबाजी ने भी दलितों को कांग्रेस से छिटकने का मौका दिया।

वहीं, भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कारण ही आम आदमी पार्टी से गठबंधन का रास्ता भी लगभग बंद हो गया, जिसकी खीझ में आप ने भी 90 सीटों पर कैंडिडेट उतार दिए। स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन में फूट का संदेश मतदाताओं के बीच अच्छा नहीं गया। आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस के ही वोट काटे। उधर भारतीय राजनीति में कभी तीसरे मोर्चे की भूमिका निभा चुके इंडियन नेशनल लोक दल और उसके बागी ध? जननायक जनता पार्टी से गठबंधन कर चुकी चौथे मोर्चे की बसपा के अलावा आजाद समाज पार्टी की विपक्ष विरोधी भूमिका से वोटरों में संदेश अच्छा नहीं गया। वहीं, चुनाव प्रचार के दौरान 1 बनाम 35 का नैरेटिव भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कैंप से बाहर आया, जिससे गैर जाट भी कांग्रेस के खिलाफ लामबंद हो गए। क्योंकि भाजपा भी तो यही चाहती थी। इसलिए उसने इन बातों को खूब चुनावी हवा दी।

वहीं, हरियाणा की बाजी अपने हाथ करने में भाजपा के टीम वर्क का सबसे बड़ा हाथ है। जिसकी सबसे मजबूत कड़ी भाजपा का वह सांगठनिक ढांचा है, जिसकी रणनीति में बूथ प्रबंधन उनकी जीत के ताले की चाबी समझे जाते हैं। भाजपा जानती है कि अपने कोर वोटर को कैसे बूथ तक ले जाया जाए। इसमें आरएसएस उसको बैक सपोर्ट देती है। जबकि अन्य सभी दल अपने प्रचार और संपर्क यात्रा के बाद अपने वोटरों को उनके हवाले कर देते हैं, क्योंकि उनके साथ वह मतदान समय के अंत तक कम ही जु? रहते हैं। यही वजह है कि जहां हार जीत का बड़ा अंतर नहीं होता है, वहां भाजपा बाजी मार ले जाती है। वह वैसे सभी विधान सभा को अपने सक्रिय और समर्पित कार्यकताओं के जरिए परिणाम बदलने की ताकत रखती है। इस बार भी उसने यही किया और अपने नेक मकसद में कामयाब रही।

यदि भाजपा रणनीतिकारों की बात करें तो हरियाणा में उन्हें अपने कोर वोटर का पक्का भरोसा था। लेकिन उन्होंने हरियाणा में वोट के बिखराव के कई कारण बनाए, ताकि कांग्रेस और हुड्डा परिवार को कमजोर किया जा सके। जानकार बताते हैं कि इनेलो और जेजेपी को अकेले अपने दम पर चुनाव लड़वाने के पीछे भाजपा की ही अंदरूनी शक्ति काम कर रही थी। इतना ही नहीं, जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी तथा इनेलो व उसके विभिन्न ध?ों और बसपा के बीच हुए गठबंधन के पीछे भी भाजपा रणनीतिकारों के हाथ होने की चर्चा है। चुनावी समरभूमि से यह बात निकलकर के सामने आ रही है कि इन दोनों गठबंधन का हरियाणा के जाट और दलित वोटों पर कुछ कुछ क्षेत्रों पर खास असर दिखा, जिसके वजह से कांग्रेस अपेक्षित वोट हासिल नहीं कर पाई। रही सही कसर आम आदमी पार्टी ने भी पूरी कर दी, जो वोट के विभाजन का जबरदस्त कारण बनी।

वहीं, कांग्रेस जिस किसान, जवान और पहलवान के मुद्दे के सहारे भाजपा को मात देने की रणनीति बना रही थी, उसे वह अपने मंचों तक ही सीमित रख पाई। यदि वह इस विरोध को जन-जन तक पहुंचाने में कामयाब होती तो आज परिणाम इतना निराशाजनक नहीं आता। वहीं, जवान के मामले में कांग्रेस ने अग्निवीर को मुद्दा बनाया। हालांकि, भाजपा ने उसके हर मिशन की अलग अलग तो? निकाली।एक ओर नायाब सिंह सैनी ने अग्निवीरों को राज्य सरकार के द्वारा नौकरी देने की घोषणा कर थोड़ा डैमेज कंट्रोल किया। तो किसानों की नाराजगी को पीएम पेंशन योजना, अनाजों के एमएसपी ब?ाने तथा अन्य लाभकारी योजना के जरिए मन बदलने की कोशिश की। वहीं, कांग्रेस की गारंटी के जवाब में हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार द्वारा गारंटी देने से हाथ ख? कर दिए जाने की खूब चर्चा की, जिससे मतदाताओं को राहुल की गारंटी के बजाय मोदी की गारंटी पर ही भरोसा करना प?ा। वहीं लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस खटाखट 8500 रुपए देने में विफल रही, क्योंकि केंद्र में उसकी सरकार नहीं बन पाई। इससे भी मतदाताओं के बीच उसकी साख गिरी।

भाजपा ने चुनावी रणनीति के तहत हरियाणा के चुनाव को जाट बनाम गैर जाट के रूप में तब्दील कर दिया। उसने गैर जाट को ज्यादा टिकट दिया। मतलब कि ब्राह्मण, वैश्य, पंजाबी और अन्य जातियों के उम्मीदवार को प्राथमिकता दी। इतना ही नहीं, चुनाव प्रचार के दौरान खट्टर की छवि जब आ? आने लगी तोउसने खट्टर को न केवल मंच पर बुलाना बंद कर दिया बल्कि चुनावी पोस्टर से खट्टर का चेहरा तक गायब कर दिया गया। ऐसा साहसिक पहल करके भाजपा ने राज्य में अपनी स्थिति एक हद तक ठीक कर ली और लाभान्वित हुई।

वहीं, हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा के बीच की लड़ाई का भी नुकसान कांग्रेस को उठाना पड़ा। क्योंकि चुनाव से ठीक पहले सीएम पद की लड़ाई खुल कर सामने आ गई। इसके लिहाज से भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अलग रणनीति बनाई और अपनी इस रणनीति में कामयाब हुए कि दिल्ली आलाकमान को मना कर अपने पसंदीदा नेताओं को टिकट दिला दी जाए। इस दृष्टि से शैलजा काफी पीछे रह गई, जिसके बाद उन्होंने भितरघात कर डाली। चर्चा यह है कि उनके महज छह-सात समर्थकों को ही टिकट मिल पाया था। वे जानती हैं कि मुख्यमंत्री का खेल तो विधायकों की संख्या से ही तय होगी, जो उनके पास नहीं है। इसलिए वह चुनाव प्रचार से दूर रहीं। उनका यूँ दूर रहना दलित मतों के विभाजन का मौलिक कारण बना। इससे भाजपा के अरमान पूरे हो गए।

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# राशिफल

**आश्विन शुक्ल पक्ष : अष्टमी**


**(विक्रम संवत् 2081)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अच्छे दिनों की ओर आप जा रहे हैं। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम। ऊर्जा का स्तर घटा हुआ रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम है।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आनंददायक दिन रहेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात हो सकती है। जो लोग विवाहित हैं उन्हें जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रुओं पर विजय पाएंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान में दूरी रहेगी।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान भी अच्छा है।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन थोड़ा गृहकलह भी संभव है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान मध्यम।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
नाक, कान व गला की थोड़ी सी परेशानी हो सकती है। व्यापारिक स्थिति आपकी अच्छी है।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। जुबान अनियंत्रित न होने दें। पूंजी का निवेश अभी दबा कर रखें।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा। व्यापार बहुत अच्छा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। मन खिन्न रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। प्रेम-संतान बहुत अच्छा।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आय के नवीन सोर्स बनेंगे। यात्रा का योग बनेगा। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान अच्छा।

# श्रीराम-हनुमान जी मिलन का हुआ भव्य मंचन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी मीडिया प्रभारी पंडित कर्मवीर आर्य ने बताया कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी सूरजपुर में रामलीला मंचन पर बतौर मुख्यतिथि पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर मौजूद रहे।



रामलीला मंचन आरती की शुरुवात से हुई और आज 'शबरी मिलन, श्री राम-हनुमान मिलन, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन, विभीषण शरणागती, रामेश्वरम स्थापना' रामलीला मंचन करने आये कलाकारों के ज़रिये बड़े ही मार्मिक ढंग से दृश्य प्रस्तुत किया गया। दर्शकों ने बड़े ही भाव विभोर होकर कलाकारों की कलाकारी को सराहा रामलीला मैदान बराही मंदिर पर आयोजित रामलीला में पूर्व मंत्री मान्य नवाब सिंह नागर जी ने कहा कि रामलीलाओं के माध्यम से भगवान राम के आदर्श जीवन की लीलाओं को देखने में मिलता है राम जब भी रहे मर्यादित रहे और उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी देश व प्रदेश में विकास कार्यों के साथ भारतीय संस्कृति सनातन को लेकर भारत को विश्व गुरु बनाने के कार्य में लगे है श्री आदर्श रामलीला अध्यक्ष सतवीर भाटी जी ने कहा मेला और रामलीला मंचन देखने के लिये रोज़ भारी संख्या में दर्शक पहुँच रहे है। मेले में बच्चे झूला झूलने से लेकर खाने के लिए स्वादिष्ट व्यंजन का आनन्द लिया और आये हुए श्रद्धालु भक्त मेले में ख़रीदारी घरेलू सामनों के स्टालों से ख़रीद रहें है।

रामलीला कमेटी महासचिव सत्यपाल शर्मा ने बताया कि मेला और रामलीला मंचन बड़े ही व्यवस्थित रूप से चल रहा है मेले की व्यवस्था और मेले में आये हुए रामलीला मंचन देखने के लिये दूर दराज से आये लोगों को कार पार्किंग व्यवस्था के साथ लोगो के लिये सुरक्षा व्यवस्था पुलिस प्रशासन (मेला पुलिस चौकी) और श्री आदर्श रामलीला के पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य में लगे है।

रामलीला मंचन पर मुख्यरूप से अध्यक्ष सत्यवीर भाटी, भूदेव शर्मा, मूलचंद शर्मा, महासचिव सत्यपाल शर्मा, ओमवीर बैसला, अनिल भाटी, लक्ष्मण सिंघल, अजय शर्मा एडवोकेट, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, सह मीडिया प्रभारी मोहित शर्मा, सह मीडिया प्रभारी दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, के पी कसाना, बिजेन्द्र सिंह भाटी, सोविन्द्र सिंह भाटी, सुनील चावड़ा, बिजेंद्र मुदग़ल, सचिन जिन्दल, सुभाष शर्मा, राजेश ठेकेदार, विनोद भाटी, रघुवीर सिंह जेसीबी वाले, विनोद पंडित, अशोक शर्मा, केडी गुर्जर, अमन त्यागी, अवनेन्द्र यादव, चेतन शर्मा, अनिल आर्य, रविन्द्र मास्टर, शिव किशोर विशाल कुमार सुभाष शर्मा जीन्स वाले चेतन शर्मा अरुण शर्मा नवीन देवधर ओमपाल ठाकुर डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा योगेश अग्रवाल चिराग गोयल उज्जवल गर्ग तुषार अग्रवाल अनिल शर्मा सचिन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# कांशीराम को दी श्रद्धांजलि



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर शोषित वंचित, बहुजनों के चिंतक, दलित शोषित समाज के उत्थान हेतु अपना जीवन समर्पित करने वाले कांशीराम की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके जीवन पर विचार गोष्ठी हुई उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि कांशीराम ने नेताजी के साथ मिलकर बहुजनों के हिताय मिलकर पूर्व में सरकार बनाई जो ऐतिहासिक पहल थी आज भी काशीराम से प्रेरित होकर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बहुजनों के हिताय पीडीए बनाकर लोकसभा में इतिहास बनाया है और आगे भी काशीराम एवं बहुजनों के महापुरुषों को समाजवादी पार्टी सदैव याद करती रहेगी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि बहुजनों के पुनरुत्थान हेतु उन्होंने वामसेफ, डीएस 4 एवं बहुजन समाजवादी पार्टी की स्थापना कर उन्हें उनका हक दिलाने के लिए कार्य किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने काशीराम को राष्ट्रीय स्तर पर सभी कार्यालय पर पुण्यतिथि मनाने का प्रोटोकॉल शामिल किया और दलित समाज को हमेशा न्याय और सम्मान के लिए कृत संकल्पित रहेंगे।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी, राजकुमार भाटी, इंद्र प्रधान, नरेंद्र नागर, यूनिस प्रधान, हुकुम सिंह भारती, नवीन भाटी, रोहित मत्ते गुर्जर, सीपी सोलंकी, नीरज भाटी, हैप्पी पंडित, प्रवीण भाटी, कपिल ननका, मुरारी लाल गौतम, गजेंद्र यादव, योगेश गौतम, एसपी कलाम आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# महापड़ाव की तैयारी को लेकर जन चेतना यात्रा का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कलेक्ट्रेट के घेरा महापड़ाव की आंदोलन की तैयारी के सिलसिले में जन चेतना यात्रा ग्राम डाबरा, रामपुर, सिरसा मायचा में पहुंची जहां पर सैकड़ो ग्रामीणों ने यात्रा में हिस्सा लिया 10 परसेंट के प्लाटों को दिए जाने की मांग की हाई पावर कमेटी को सार्वजनिक किए जाने आबादियों की लीज बैक करने भूमिहीनों की दुकानों का आवंटन करने नौजवानों के लिए रोजगार नीति बनाए जाने और नए कानून को लागू करने के संबंध में नारे लगाए। जन चेतना यात्रा के संयोजक शिशांत भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की लड़ाई आर पार की है यह आंदोलन का तीसरा चरण है।



नोएडा ग्रेटर नोएडा यमुना प्राधिकरण के सभी किसान एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव के रूप में दिन-रात का धरना देते हुए धावा बोल रहे हैं सरकार द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट 31 अगस्त को दाखिल हो चुकी है इसके बावजूद सरकार ने रिपोर्ट दबा कर रखी है जबकि उसे सार्वजनिक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। किसान सभा के जिला कोषाध्यक्ष अजय पाल भाटी ने रामपुर गांव में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सभा किसान परिषद जय जवान जय किसान मोर्चा एवं किसान संघर्ष समिति ऐछर मिलकर महापड़ाव को आयोजित कर रहे हैं महापड़ाव उपरोक्त मुद्दों को हल किए बिना समाप्त नहीं होगा। सिरसा गांव में जन चेतना यात्रा का नेतृत्व जोगिंदर प्रधान ने किया एवं मायचा गांव में जन चेतना यात्रा का नेतृत्व यतेंद्र मैनेजर ने किया।

जनचेतना यात्रा में गुरप्रीत एडवोकेट, यतेंद्र भाटी, संदीप भाटी, अशोक भाटी, मुकुल यादव महेश प्रजापति भगत सिंह चेची अमित नागर संजय नागर एवं सैकड़ों साथियों ने हिस्सा लिया।


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: 22-विद्युत/सा0/प्रयागराज/24-25** **दिनांक 05.10.2024**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक- 30.10.2024 समय 15.00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

**क्र.सं.:1** | **निविदा सूचना संख्या:** ELG-46-2425 | **काम की लागत (₹ में) :** ₹ 10792897.88

**कार्य का नाम:** ''प्रयागराज मंडल में आरपीएफ बैरक / थाना के निर्माण / सुधार'' के संबंध में विद्युत कार्य। 'ट्रैफिक कॉलोनी में परित्यक्त 22 यूनिट टाइप - II और 04 यूनिट टाइप-III क्वार्टर के बदले में 22 यूनिट टाइप-III और 04 यूनिट टाइप-IV क्वार्टर के निर्माण' के संबंध में विद्युत कार्य।

**बिड सिक्योरिटी (₹में) :** ₹ 204000.00 | **कार्य समाप्त करने की समयावधि :** 06 माह

**निविदा खुलने की तिथि :** 30.10.2024, समय - 15.00 बजे। **नोटः-** 1. उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 15.00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **1754/24(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# सीटू ने कई संस्थानों पर किया विरोध प्रदर्शन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मैसर्स- सैमसंग इंडिया पेरबुदूर तमिलनाडु प्लांट के आंदोलनरत कर्मचारियों का कम्पनी प्रबंधकों और पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे दमन शोषण उत्पीड़न के खिलाफ सीटू ने आज फिर पूरे देश में मजदूरों से अपने-अपने संस्थानों और प्रशासनिक कार्यालय पर कल विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। उक्त आह्वान के तहत आज भी सीटू कार्यकर्ता ने कई संस्थानों पर विरोध प्रदर्शन कर सैमसंग इंडिया तमिलनाडु के हड़ताली कर्मचारियों के साथ एकजुटता व्यक्त किया और तमिलनाडु सरकार से उक्त मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर उनकी मांगों/ समस्याओं का समाधान करने की अपील किया।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि सैमसंग कंपनी के प्रबंधक श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाकर संस्थानों को चला रहे हैं यदि मजदूर संगठित होकर अपने हक अधिकारों की मांग करते है तो सरकार और प्रशासन को अपने प्रभाव में लेकर मजदूरों का दामन शोषण व उत्पीड़न किया जाता है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु में श्रीपेरंबुदूर सैमसंग इंडिया के कर्मचारी 9 सितंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, यह हड़ताल यूनियन बनाने के बुनियादी संवैधानिक अधिकारों और देश के कानून के अनुसार सामूहिक सौदेबाजी के लिए है। कर्मचारी यूनियन के साथ बातचीत करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन दक्षिण कोरिया बहुराष्ट्रीय सैमसंग का प्रबंधन बातचीत करने के बजाय कर्मचारियों की एकता को तोड़ने के लिए कर्मचारियों पर सरकार व प्रशासन के माध्यम से दमन शोषण उत्पीड़न करा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से तमिलनाडु राज्य सरकार भी निवेश आकर्षित करने के नाम पर मजदूर विरोधी कदमों का सहारा ले रही हैं।

# लंच बॉक्स किए वितरित

**दनकौर ( गौतमबुद्धनगर )।** मित्तल परिवार द्वारा कल छात्र-छात्राओं को लंच बॉक्स वितरित किये गये। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर व स्वागत गान के साथ की गई बालक-बालिकाओं ने मित्तल दम्पति का स्वागत चंदन से टीका करके व हाथ से बना गुलदस्ता देकर तथा समस्त स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में स्टाफ की सहायक अध्यापिका मीनू चौधरी का विशेष सहयोग रहा।



विद्यालय में कक्षा-1 व 2 का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण अशोक एस आर जी द्वारा किया गया एवम् कक्षा 4 व 5 का एफ एल एन पर्यवेक्षण प्रथम संस्था एवम अशोक एस आर जी द्वारा किया गया। उनके द्वारा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

कार्यक्रम के शुभ अवसर पर लुक्सर गांव के गणमान्य व्यक्ति ब्रह्म सिंह नागर, अभिभावक, एसआरजी अशोक विद्यालय की ओर से संतोष नागर विद्यालय प्रभारी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पीलवान, मीनू चौधरी, आशुतोष सिंह, ज्योति दुबे, अनिता रानी, पूनम रानी, कविता पंवार, उमेश और राज किशोर एवं प्रथम संस्था से योगेंद्र सिंह एवम रामगोविन्द यादव उपस्थित रहे। विद्यालय प्रभारी संतोष नागर, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पीलवान एवं समस्त स्टाफ व बच्चों द्वारा मित्तल दम्पत्ति को उपहार प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया।


## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com








## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2024-119 और NER-LJN-2024-120**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है- **क्र.सं.-1, ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-2024-119, **कार्य का नाम:** एन.ई.आर.-एल.जे.एन. डिवीजनः- वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (तृतीय) के अधिकार क्षेत्र के तहत पी.वे. ट्रैक कार्यों के लिए वेल्डिंग हिस्से और उसके उपकरण का निर्माण और आपूर्ति का कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,36,39,680.90, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 2,18,200.00, **समापन अवधि:** 12 माह, **क्र.सं.-2, ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-2024-120, **कार्य का नाम:** एन.ई.आर.-एल.जे.एन. डिवीजनः- वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (तृतीय) के अधिकार क्षेत्र के तहत इंसिटू ग्लूड जॉइंट का प्रावधान का कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,36,55,896.00, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 2,18,300.00, **समापन अवधि:** 12 माह, **नोट:** 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2024-119 और NER-LJN-2024-120** के लिए ई-निविदा दिनांक 29.10.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें। **मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग लखनऊ**

मुंजाधि/डबलू-266

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

वर्ष 2024 के त्यौहारों के सीजन में रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ दो वन्दे भारत फेस्टिवल स्पेशल्स व एक तेजस फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के संचालन का भी निर्णय लिया गया है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**02252/02251 नई दिल्ली – पटना जं. – नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 02252 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02251 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:25 | नई दिल्ली | 19:00 | --- |
| 20:00 | --- | पटना जं. | --- | 07:30 |

चलने के दिन : **02252** नई दिल्ली से दिनांक 30.10.2024, 01.11.2024, 03.11.2024 एवं 06.11.2024 तथा **02251** पटना जं. से दिनांक 31.10.2024, 02.11.2024, 04.11.2024 एवं 07.11.2024 को
स्थान : वाता. कुर्सीयान एवं एग्जिक्यूटिव कुर्सीयान
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

**02270/02269 लखनऊ – छपरा – लखनऊ आरक्षित वंदे भारत त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन मंगलवार को छोड़कर)** — 26 फेरे

| गाड़ी सं. 02270 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02269 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:15 | लखनऊ | 06:30 | --- |
| 21:30 | --- | छपरा | --- | 23:00 |

चलने के दिन : **02270** लखनऊ से तथा **02269** छपरा से दिनांक 25.10.2024 से 08.11.2024 तक प्रतिदिन (मंगलवार को छोड़कर)
स्थान : वाता. कुर्सीयान एवं एग्जिक्यूटिव कुर्सीयान
ठहराव : सुलतानपुर जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

**02248/02247 नई दिल्ली – पटना जं. – नई दिल्ली आरक्षित तेजस सुपरफास्ट त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 02248 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02247 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:25 | नई दिल्ली | 19:35 | --- |
| 20:30 | --- | पटना जं. | --- | 07:30 |

चलने के दिन : **02248** नई दिल्ली से दिनांक 29.10.2024, 31.10.2024, 02.11.2024 एवं 05.11.2024 तथा **02247** पटना जं. से दिनांक 30.10.2024, 01.11.2024, 03.11.2024 एवं 06.11.2024 को
स्थान : वाता. कुर्सीयान एवं एग्जिक्यूटिव कुर्सीयान
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

**04052/04051 नई दिल्ली – जयनगर – नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04052 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04051 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:20 | नई दिल्ली | 18:50 | --- |
| 15:40 | --- | जयनगर | --- | 18:00 |

चलने के दिन : **04052** नई दिल्ली से दिनांक 26.10.2024, 29.10.2024, 01.11.2024 एवं 04.11.2024 तथा **04051** जयनगर से दिनांक 27.10.2024, 30.10.2024, 02.11.2024 एवं 05.11.2024 को
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. स्टेशन।

**04054/04053 नई दिल्ली – बरौनी जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04054 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04053 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:20 | नई दिल्ली | 09:10 | --- |
| 11:00 | --- | बरौनी जं. | --- | 12:30 |

चलने के दिन : **04054** नई दिल्ली से दिनांक 27.10.2024, 30.10.2024, 02.11.2024 एवं 05.11.2024 तथा **04053** बरौनी जं. से दिनांक 28.10.2024, 31.10.2024, 03.11.2024 एवं 06.11.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं. एवं मोकामा जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**02250/02249 दिल्ली जं. – पटना जं. – दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 02250 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02249 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:55 | दिल्ली जं. | 11:00 | --- |
| 16:40 | --- | पटना जं. | --- | 17:50 |

चलने के दिन : **02250** दिल्ली जं. से दिनांक 24.10.24 एवं 31.10.24 तथा **02249** पटना जं. से दिनांक 25.10.24 एवं 01.11.24 को
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

**09657/09658 दौराई – बढ़नी – दौराई विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 09657 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 09658 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:00 | दौराई | 19:20 | --- |
| 09:18 | 09:20 | बाराबंकी जं. | 23:55 | 23:57 |
| 13:25 | --- | बढ़नी | --- | 19:15 |

चलने के दिन : **09657** दौराई से दिनांक 12.10.24 से 16.11.24 (प्रत्येक **शनिवार**) तथा **09658** बढ़नी से दिनांक 13.10.24 से 17.11.24 (प्रत्येक **रविवार**) को
स्थान : 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : अजमेर जं., किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, कायमगंज, फ़र्रुखाबाद जं., कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाह नगर, गोमती नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बलरामपुर एवं तुलसीपुर स्टेशन।

**04074/04073 दिल्ली जं. – हावड़ा जं. – दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04074 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04073 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:55 | दिल्ली जं. | 05:00 | --- |
| 01:25 | --- | हावड़ा जं. | --- | 04:20 |

चलने के दिन : **04074** दिल्ली जं. से दिनांक 10.10.2024 तथा **04073** हावड़ा जं. से दिनांक 12.10.2024 को
स्थान : प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., सासाराम, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद जं., आसनसोल जं., अण्डाल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं डानकुनि स्टेशन।

**04071/04072 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट एक्स. विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 04071 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04072 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:40 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

चलने के दिन : **04071** नई दिल्ली से दिनांक 10.10.2024 एवं 12.10.2024 तथा **04072** श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 11.10.2024 एवं 13.10.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04081 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04082 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:40 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

चलने के दिन : **04081** नई दिल्ली से दिनांक 11.10.2024 तथा **04082** श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 12.10.2024 को
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



बुधवार को भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा ने नई दिल्ली में उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल-2025 पर चर्चा के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

# विस चुनाव परिणाम धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिये सबक: माकपा

● नई दिल्ली, एजेंसी

**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी ने जम्मू- कश्मीर तथा हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणामों को धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिये एक सबक बताते हुये कहा है कि इनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ संघर्ष जारी रखने की आवश्यकता का संदेश है।

माकपा पोलित ब्यूरो की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि जम्मू- कश्मीर का चुनाव परिणाम 'लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को कुचलने की साजिशों' का मुंहतोड़ जवाब है। पार्टी की विज्ञप्ति में हरियाणा के मामले में हार के लिये जिम्मेदार कारकों पर कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करने की नसीहत दी गयी है। माकपा ने कहा कि जम्मू- कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस तथा उसके सहयोगियों ने केंद्र सरकार के छह वर्षों के शासन के बाद पहली निर्वाचित सरकार बनाने के लिये स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। पार्टी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोगों का स्पष्ट जनादेश भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करके राज्य का दर्जा समाप्त करने तथा निर्वाचन क्षेत्रों के 'जोड़-तोड़' वाले परिसीमन के माध्यम से लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को 'कुचलने की साजिशों' का मुंहतोड़ जवाब है। माकपा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने कांग्रेस के साथ कांटे की टक्कर में बहुमत हासिल की। भाजपा ने कांग्रेस से 0.6 प्रतिशत वोट के मामूली अंतर से जीत दर्ज की। पार्टी ने कहा है कि इस जीत लिये जातीय जोड़-तोड़ और सांप्रदायिकता की राजनीति की गयी। पार्टी ने यह भी कहा है कि कांग्रेस को हरियाणा के परिणाम के अन्य कारकों के बारे में आत्मनिरीक्षण करना होगा।



बुधवार को पटना में दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान पूजा करते राजद विधायक तेज प्रताप।

## खास खबर

### बचपन की तस्वीरें शेयर कर भावुक हुईं कंगना रनोत



**नई दिल्ली**: फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों में बनी हुईं कंगना रनोत ने हाल ही में अपनी बचपन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो पोज करती नजर आई हैं। बचपन की खास झलक दिखाते हुए कंगना ने बताया है कि उन्होंने थोड़े-थोड़े पैसे जोड़कर बचपन में एक कैमरा लिया था और वो मौका मिलते ही अपनी तस्वीरें क्लिक करवाने लगती थीं। कंगना ने अपनी एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'जब भी मैं पुरानी तस्वीरें देखती हूं, मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाती हूं। मैं बहुत फनी बच्ची थी। मैंने अपनी सेविंग्स से एक छोटा सा कैमरा खरीदा था और मैं हमेशा अपनी तस्वीरें क्लिक करवाती रहती थी। जब भी पापा हमें बाहर लेकर जाते थे, तब भले ही वो एक मिनट के लिए कार रोकें, लेकिन मैं तुरंत कार से उतरकर पोज देने लगती थी।'

### कंडाघाट में पलटी उत्तराखंड परिवहन की बस, 35 यात्री घायल

**सोलन**: हिमाचल प्रदेश के कंडाघाट में उत्तराखंड परिवहन की एक बस ब्रेक फेल होने की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें 35 लोग घायल हो गये। बताया जा रहा है कि बस शिमला से टनकपुर जा रही थी और सवारियों से खचाखच भरी हुई थी। इस बस में करीब 60 यात्री सवार थे। हादसे में करीब 35 यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायलों में से एक को शिमला और दो अन्य गंभीर घायलों को सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज के लिए रेफर किया गया है। स्थानीय पुलिस और जनता ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कंडाघाट सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे के बाद एनएच-5 पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले नौ महीनों में यहां 140 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें 14 लोगों की मौत हो गई है और 250 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब परमाणु से लेकर कैथलीघाट के बीच दुर्घटना की खबर सामने न आए। बस में सवार एक यात्री ने बताया कि हादसे के वक्त बस की गति तेज थी और अचानक ब्रेक फेल होने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। फिलहाल प्रशासन दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहा है।

### मेरे स्टार प्रचारक मेरे कार्यकर्ता हैं: अनिल विज

**अंबाला**: हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने बुधवार को कहा कि उन्हें स्टार प्रचारक की जरूरत नहीं है और उनके स्टार प्रचारक उनके कार्यकर्ता हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में अंबाला छावनी सीट से कड़े मुकाबले में चुनाव जीते अनिल विज ने कहा कि उन्होंने आठ चुनाव लड़े हैं और उनमें से सात चुनाव जीते हैं। एक चुनाव में पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी प्रचार के लिये आये थे, उसके अलावा उन्होंने कभी किसी स्टार प्रचारक को नहीं बुलाया क्योंकि उनके स्टार प्रचारक उनके कार्यकर्ता हैं।

# हिजबुल्लाह ने की सीजफायर की मांग

## नेतन्याहू बोले- हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हमले और तेज करेंगे

● नई दिल्ली, एजेंसी

**लेबनान** में इजराइली हमलों के बीच हिजबुल्लाह ने सीजफायर की मांग की है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस संगठन ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर सीजफायर का समर्थन किया है और गाजा में जंग को रोकने की शर्त नहीं रखी है।

हिजबुल्लाह ने पिछले साल 8 अक्टूबर को हमास का साथ देते हुए इजराइल पर हवाई हमला शुरू किया था। इस घटना के एक साल पूरे होने पर हिजबुल्लाह के डिप्टी चीफ नईम कासिम ने मंगलवार को भाषण दिया। कासिम ने कहा कि हिजबुल्लाह सीजफायर के लिए लेबनान संसद अध्यक्ष नबीह बेरी की कोशिशों का समर्थन करता है। एक बार सीजफायर हो जाए तो फिर बाकी चीजों पर चर्चा की जाएगी। हिजबुल्लाह पहले कहता रहा है कि वह इजराइल पर हमले तभी रोकेगा जब गाजा में सीजफायर होगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनानी लोगों को चेतावनी दी। नेतन्याहू ने कहा कि वे हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हमले को और तेज करने जा रहे हैं जिससे लेबनान का अंजाम गाजा जैसा हो सकता है। नेतन्याहू ने लेबनानी लोगों को संबोधित करते हुए एक वीडियो में कहा, ईसाई, मुसलमान, सुन्नी और शिया, आप सभी लेबनान में हिजबुल्लाह के बिना वजह जंग छेड़ देने की वजह से पीड़ित हैं। आपके पास लेबनान को



बचाने का मौका है। वरना ये इलाका लंबे समय तक जंग में घिर जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि इजराइल, लेबनान में भी वही पैटर्न अपना रहा है जो उन्होंने गाजा में किया था। गाजा की तरह लेबनान में भी लोगों को अपना घर छोड़कर पलायन करना पड़ा है।इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच मंगलवार को भी लड़ाई जारी रही। इजराइल ने लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन तेज करते हुए चौथा डिवीजन तैनात कर दिया है। इजराइली सेना ने इस बारे में नहीं बताया कि इसमें कितने सैनिक शामिल हैं। अलजजीरा के मुताबिक चौथी डिवीजन में 15 हजार से ज्यादा सैनिक हो सकते हैं।

इससे पहले हिजबुल्लाह ने कहा था कि इजराइली सेना लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू करने के बाद आगे नहीं बढ़ पाई हैं।इस बीच इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर एक बार फिर से एयर स्ट्राइक की है जिसमें कम से कम 7 लोगों के मारे जाने और 11 के घायल होने की खबर है। अलजजीरा के मुताबिक इजराइली सेना ने दमिश्क की एक आवासीय इमारत पर हवाई हमला किया था। एजेंसी के मुताबिक दो इजराइली अधिकारियों ने कहा कि इजराइल ने सीरिया की राजधानी में ईरानी दूतावास के पास भी हमला किया है।

# 'पहला काम राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित होना चाहिए'

## अब काम पर वापस लौटने का समय आ गया है: उमर

● श्रीनगर, एजेंसी

**नेशनल** कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि नये मंत्रिमंडल का पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रस्ताव पारित करना होना चाहिए।

अब्दुल्ला ने कहा कि नए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव लेकर दिल्ली जाना चाहिए और वरिष्ठ मंत्रियों से मिलकर उनसे अपना वादा पूरा करने के लिए कहना चाहिए। उन्होंने मीडिया को बताया कि सरकार सिर्फ नेकां या उसके गठबंधन की नहीं होगी, बल्कि सभी को शामिल करेगी, खास तौर पर उन इलाकों पर ध्यान दिया जाएगा, जहां गठबंधन के कम विधायक चुने गये हैं। उन्होंने कहा कि कई निर्दलीय विधायकों ने नेकां में शामिल होने की बात की है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि निर्वाचित सदस्यों की विधायक दल की बैठक गुरुवार को होने वाली है। उसके बाद गठबंधन के नेता पर फैसला करने के लिए गठबंधन की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि



जैसा कि माना जा रहा है, गठबंधन का नेता समर्थन पत्र लेकर राजभवन जाएगा और दावा पेश करेगा तथा उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय करने का अनुरोध करेगा। मैं चाहूंगा कि यह जल्द से जल्द हो क्योंकि हम 2018 से निर्वाचित सरकार के बिना हैं। अब काम पर वापस लौटने का समय आ गया है। नेकां उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और हमें उम्मीद है कि यह जल्द ही पूरा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि उन्होंने यह नहीं कहा था कि राज्य का दर्जा केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में ही बहाल किया जाएगा। यह उनका जम्मू-कश्मीर के लोगों से वादा किया गया था।।

### पूर्व विधायक धनेश्वर माझी का निधन

**भुवनेश्वर**: ओडिशा में आदिवासी नेता एवं पांच बार के विधायक और पूर्व राज्यसभा सदस्य धनेश्वर माझी का बुधवार को कालाहांडी जिले के केसिगा स्थित एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि केसिगा अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। कालाहांडी जिले के केसिगा और नारला विधानसभा क्षेत्रों से पांच बार विधायक रहे माझी 1971, 1974, 2000, 2004 और 2014 में ओडिशा विधानसभा के लिए चुने गए। वह 1978 से 1984 तक जनता पार्टी के सदस्य के रूप में राज्यसभा के सदस्य रहे। अपने लम्बे राजनीतिक जीवन के दौरान श्री माझी जनता पार्टी, स्वतंत्र पार्टी, बीजू जनता दल और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे।

### बांग्लादेश के पांच मछुआरों का अपहरण

**ढाका**: बंगलादेश के दक्षिणी शहर टेकनाफ के निकट नाफ नदी में मछली पकड़ते समय म्यांमार की अराकान सेना के संदिग्ध सदस्यों ने पांच मछुआरों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' ने बुधवार को बताया कि यह घटना कॉक्स बाजार जिले के नयापारा इलाके में सोमवार अपराह्न तब हुई, जब मछुआरे नाफ नदी में मछली पकड़ने गये। रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक मछुआरों को वापस नहीं किया गया है। टेकनाफ में बीजीबी के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहिउद्दीन अहमद ने पुष्टि की कि बीजीबी मछुआरों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार के अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। सुब्रंग यूनियन परिषद के सदस्य अब्दुस सलाम ने कहा कि इस क्षेत्र के पांच मछुआरों को म्यांमार के नागरिकों ने पकड़ लिया।

### बांग्लादेश के पूर्व सांसद माणिक गिरफ्तार

**ढाका**: बंगलादेश के पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक को रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने जुलाई-अगस्त में देश में हुए कोटा विरोधी छात्र आंदोलन में शामिल लोगों पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस आंदोलन ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। स्थानीय अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' ने बुधवार को बताया कि अवामी लीग के नेता माणिक को मंगलवार शाम ढाका के वसुंधरा आवासीय इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरएबी के कानूनी एवं मीडिया विंग के सहायक निदेशक एएनएम इमरान खान ने इस बात की पुष्टि की। पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक माणिक पर भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन पर कथित रूप से हमला करने के लिए सुनामगंज सदर थाने में एक शिकायत दर्ज है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**तिरंगे में लिपटा...**

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के तमाम दिग्गजों ने रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का 86 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया। टाटा समूह ने इसकी जानकारी दी है। टाटा समूह ने कहा कि अपार दुख के साथ हम अपने प्रिय रतन के शांतिपूर्ण निधन की घोषणा करते हैं। हम, उनके भाई, बहन और स्वजन, उनकी प्रशंसा करने वाले सभी लोगों के प्रेम और सम्मान से सांत्वना महसूस करते हैं। रतन टाटा के स्वर्गवास पर टाटा समूह के अध्यक्ष एन चन्द्रशेखरन ने कहा कि अत्यंत दुख के साथ हम रतन नवल टाटा को विदाई दे रहे हैं। वह वास्तव में एक असाधारण नेतृत्वकर्ता थे, जिनके अतुलनीय योगदान ने न केवल टाटा समूह को बल्कि राष्ट्र को भी आकार दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी रतन टाटा के अंतिम दर्शनों के लिए एनसीपीए ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रतन टाटा एक दूरदर्शी उद्योगपति थे और उनका कारोबारी प्रशासन में नैतिकता पर बड़ा जोर था। मुझे लगता है कि जब भी भारत का आर्थिक इतिहास लिखा जाएगा तो उसमें रतन टाटा की उपलब्धियों का जरूर जिक्र किया जाएगा। वह भारत के सच्चे सपूत और एक अद्भुत व्यक्ति थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

**केस वापस न...**

लोगों की भीड़ इकट्ठा होता देखकर बदमाशों ने धमकी दी कि उसने जो बृजानंद के खिलाफ मुकदमा लिखाया है उसे वापस ले ले नहीं तो उसे जान से मार दिया जाएगा। धमकी देने के बाद बदमाश कार में सवार होकर मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पीड़ितों में भय व्याप्त है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**कलेक्शन एजेंट को...**

संयुक्त रूप से पीपल वाला गोल चक्कर ढकिया बाबा मंदिर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध कार सवार दो व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार सवार भाग निकले। पुलिस टीम ने जब पीछा किया तो कार सवारों ने फायरिंग कर दी। खुद को घिरा देखकर बदमाश कार छोड़कर भागने लगे। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशों को पुलिस टीम ने दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम रामकिशोर पुत्र काशी निवासी महोबा व सचिन पुत्र कर्मवीर निवासी ग्राम भराना जनपद बुलंदशहर बताया। इनके पास से एक पिस्टल, तमंचा व रेडिएंट कंपनी के कैश कलेक्शन एजेंट से लूटे गए 784600 बरामद हुए। पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि उनके पास से बरामद कार भी चोरी की है। उन्होंने यह कार थाना बीटा 2 क्षेत्र से चोरी की थी। एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने रेडिएंट कंपनी के कैश कलेक्शन एजेंट से हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट से 10 लाख रुपए लूटे थे। पुलिस टीम लूट की घटना का खुलासा करने के लिए लगी हुई थी। घायल दोनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

**फ्लैट खरीदने गए...**

सेल्स ऑफिस के गेट पर एक व्यक्ति उन्हें अपने चेंबर की ओर ले जाने लगा। उन्होंने बताया कि फ्लैट खरीदने के लिए उनकी अमित से बात हुई है। इस पर उस व्यक्ति ने बृजेश नामक व्यक्ति को मौके पर बुला लिया। उन्होंने जब बताया कि वह फ्लैट बुकिंग के लिए चेक लेकर आए हैं और उनकी बात अमित और अनमोल से चल रही है। इस पर दोनों व्यक्तियों ने सत्या नामक व्यक्ति को बुलाया लिया। सत्या ने उन पर फ्लैट बुकिंग के लिए चेक देने का दबाव डाला। इस पर उन्होंने कहा कि उनकी बात अमित और अनमोल से हुई है इसलिए वह चेक उन्हें ही देंगे। उनके द्वारा चेक दिए जाने से मना करने पर आरोपियों ने चार-पांच और लोगों को बुला लिया और उन्हें घेर लिया। उन्होंने जब बुकिंग करने से इनकार किया तो सत्या ,बृजेश और अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें व उनकी पत्नी को ऑफिस के गेट से बाहर धकेल दिया जिससे वह गिर पड़े। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**मुलायम सिंह को पुण्यतिथि...**

पूर्व चेयरमैन गजराज नागर, नरेन्द्र नागर, सुनील भाटी देवटा, जिला महासचिव सुधीर तोमर, कृष्णा चौहान, एडवोकेट रामसरन नागर, यूनुस प्रधान, परमेन्द्र भाटी एडवोकेट, मनोज भाटी एडवोकेट, औरंगजेब अली, शशि यादव, सुरेन्द्र नागर, रोहित मत्ते गुर्जर, श्याम सिंह भाटी, कपिल ननका, सलमु खान, अमित रौनी, कमल भाटी, अकबर खान, जगवीर नंबरदार, नवीन भाटी, अजय चौधरी, विनोद लोहिया, शौकत अली चेची, अनीता चौहान, दीपक नागर, मोहित यादव, मोहित नागर, जय यादव, सीपी सोलंकी, जुगती सिंह, खुशी यादव, गजेंद्र यादव, हैप्पी पंडित, अनीस अहमद, विपिन सेन, विक्रम टाईगर, मुकेशरी,चंदन यादव, कुलदीप भाटी, सुदेश भाटी, प्रशांत भाटी, अमन नागर, राहुल चौधरी, देवेंद्र भाटी, अनिल नागर, संजय खान, दिगंबर गौतम, सत्यप्रकाश नागर, गौरव भाटी, सतीश नागर, विष्णु सिंह, बबली भाटी, सुमित पंडित, उपेंद्र यादव, लखन जाटव, आसिफ अल्वी, अशोक कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, सद्दाम आदि मौजूद रहे।

**कंपनी से पूर्व...**

प्रबंधक सुश्री रीति गुप्ता ने बताया कि 14 फरवरी 2023 को कंपनी ने शोएब हुसैन को सीनियर सेल्स मैनेजर के रूप में नियुक्त किया था। 16 जुलाई 2024 को शोएब ने कंपनी के कर्मचारियों के साथ विवाद कर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। अगले दिन ही उसने कंपनी से अपना इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने उसे लैपटॉप वापस करने का अनुरोध किया लेकिन उसने लैपटॉप वापस नहीं किया। कंपनी द्वारा शोएब को दिए गए लैपटॉप में कंपनी का डेटाबेस सहित अन्य गोपनीय जानकारी थी। उन्होंने बताया कि शोएब ने कंपनी के सभी ग्राहकों का डाटाबेस कंपनी के कैरियर पार्टनर सुपर कैट की वेबसाइट से डाउनलोड कर लिया। सोहेब के नौकरी छोड़ने के बाद कंपनी की प्रोडक्ट की बिक्री में कमी आने लगी। कंपनी ने जब इस बात का पता लगाया तो जानकारी मिली कि सोहेब ग्राहकों को गुमराह कर उन्हें किसी अन्य कंपनी का सामान बेच रहा है। इसकी पेमेंट वह अपने गूगल अकाउंट में मंगवा रहा है। प्रबंधक रीति गुप्ता के मुताबिक कंपनी के पूर्व कर्मी शोएब ने कंपनी के सिस्टम से गोपनीय डाटा को गैरकानूनी तरीके से एक्सेस कर उसका दुरुपयोग किया है। वह साजिश के तहत एक समानांतर कंपनी चलकर ग्राहकों को धोखे में रखकर उत्पादों को बेच रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कैब चालक को...**

कुछ दूर जाने पर बदमाशों ने मारपीट कर उससे गाड़ी छीन ली और उसके हाथ पैर बांधकर उसे गाड़ी की पिछले सीट पर डाल दिया। इस दौरान बदमाशों ने उसकी आंख पर पट्टी बांध दी। बदमाशों ने हथियारों के बल पर उससे एटीएम व पेटीएम नंबर पूछ लिए इसके बाद उन्होंने उसके पास रखे 5000 रुपए भी ले लिए। बदमाशों ने पेटीएम व एटीएम से करीब 32000 रुपए निकाल लिए। रात भर कार को सड़क पर घूमाने के बाद बदमाश उसे सुबह पाइपलाइन रोड मुरादनगर पर गाड़ी सहित छोड़कर फरार हो गए। थाना सेक्टर 113 प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने इस मामले की रिपोर्ट थाना मुरादनगर में दर्ज कराई थी। पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर एफ आई आर को यहां ट्रांसफर किया है।

# जिला बदर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने एक जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी को हाल ही में पुलिस ने 6 माह के लिए जिला बदर किया था। जिला बदर होने के बावजूद भी वह क्षेत्र में घूम रहा था।

थाना प्रभारी अनुज कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि थाने से जिला बदर किया गया बदमाश संदीप भाटी पुत्र जीतराम भाटी बरोला टी पॉइंट पर खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदीप भाटी को दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय द्वारा 3 अक्टूबर को संदीप भाटी को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया था। इस आदेश की तामीला 5 अक्टूबर को पुलिस द्वारा कराई गई थी। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# 'घरेलू व कार्यस्थल में हिंसा बर्दाश्त न करें महिलाएं'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैगिंक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 पर अभिमुखीकरण सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन आईएमएस नोएडा कॉलेज में किया गया, जिसमें विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जितेंद्र मौर्या द्वारा उपस्थित महिलाओं को उनके साथ होने वाले उत्पीड़न तथा उनके निवारण हेतु जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता कविता नागर द्वारा posh act के बारे मे बताया गया। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक द्वारा घरेलु हिंसा के बारे मे जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं/महिलाओं से बातचीत करते हुये उनके जीवन में आने वाले चुनौतियों एवं उनके समाधानों पर विचार विमर्श तथा उनके साथ संवाद भी किया गया। सेक्टर-58 की सब इन्स्पेक्टर द्वारा हेल्पलाइन नंबर तथा साइबर क्राइम के बारे मे विद्यार्थियों को अवगत कराया गया एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित होने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जितेंद्र मौर्या, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक दीपिका पटेल तथा केस वर्कर प्रियंका चाइल्ड लाइन की सुपरवाइजर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता कविता नागर, महिला उन्नति संस्था के प्रबंधक डॉ राहुल वर्मा, कॉलेज के विद्यार्थी और प्रोफेसर उपस्थित रहे।

# महिला से चेन लूटने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र के गैलेक्सी वेगा के सामने बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला से सोने की चेन लूटने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर बदमाश भाग निकले।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गैलेक्सी वेगा टेक जोन-4 में रहने वाली गीता पांडे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 7 अक्टूबर की रात्रि को कुछ सामान लेने के लिए घर से निकली थी। वह सर्विस रोड पर पैदल जा रही थी। इस दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारा। इस दौरान उनकी सोने की चेन टूट कर नीचे गिर गई। उन्होंने बदमाशों को पकड़ने के लिए शोर मचाया। शोर मचाने पर बदमाश हड़बड़ा गए और मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# दक्षिण अफ्रीका ने स्कॉटलैंड को 80 रनों से हराया

### महिला टी-20 विश्वकप

**दुबई, एजेंसी :** मैरीजान कप्प (43), तेजमिन ब्रिट्स (43) और लॉरा वुलफार्ट (40) रनों की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने हुए बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 80 रनों से हरा दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दी। कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने 27 गेंदों में पांच चौकों एवं एक छक्के की मदद से (40) रन बनाए जबकि तेजमिन ब्रिटस ने 35 गेंदों का सामना कर पांच चौकों एवं एक छक्के की मदद से (43) रनों का योगदान दिया। वुलफार्ट को फ्रेजर ने बेल के



हाथों कैच आउट कराया जबकि ब्रिटस को बेल ने ब्राइस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद मैरीजान कप्प ने 24 गेंदों में धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए (43) रन बना दिए। काप ने इस दौरान छह चौके लगाए। काप को ब्राइस ने कार्टर के हाथों कैच आउट कराया। सुने लूस ने मैच के अंतिम क्षणों में 13 गेंदों का सामना करते हुए दो चौकों की मदद से (नाबाद 18) रन बनाए। उनके साथ अनरी डर्कसन एक रन बनाकर नाबाद रही। स्कॉटलैंड की ओर से स्लेटर, ब्राइस, बेल, फ्रेजर एवं कार्टर ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी स्कॉटलैंड टीम शुरु से ही दबाव में रही। अभी टीम का स्कोर 14 रन पहुंचा था कि खाका ने सलामी बल्लेबाज सस्किया हॉली (06) को ब्रिटस के हाथों कैच आउट कराकर स्कॉटलैंड को पहला झटका दे दिया। दो रन बाद ही ट्राइऑन ने सेरा ब्राइस (05) को अपनी ही गेंद पर खुद ने कैच लेकर वापस पैवेलियन भेज दिया। स्कॉटलैंड की ओर से केवल दो बल्लेबाज लिस्टर (12), फ्रेजर (14) दहाई संख्या में पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए स्कॉटलैंड की पूरी टीम 17.5 ओवर में 86 पर समेट कर 80 रनों से मुकाबला जीत लिया।

# महिला टी-20 विश्वकप में भारत ने श्रीलंका 82 रनों से हराया

**दुबई, एजेंसी:** कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद (52) एवं स्मृति मंधाना के (50) अर्धशतकीय पारियों के बाद सोभना आशा और अरुंधति रेड्डी की बेहतरीन गेंदबाजी के दम भारत ने बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप में श्रीलंका को 82 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ रन रेट में सुधार होने के साथ ही भारत ग्रुप ए की तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनकी (52) रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत के तीन विकेट पर 172 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने तीन ओवर में छह रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां कर संकट में पहुंच गई थी। विश्मी गुणारत्ने (00), चमारी अटापट्टू (01) और हर्षिता समाराविक्रमा (03) रन



बनाकर आउट हुई। ऐसे समय में कविशा दिलहारी और अनुष्का संजीवनी ने पारी को संभाला। आठवें ओवर में सोभना आशा ने अनुष्का संजीवनी (20) को आउट कर इस बढ़ रही साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अरुधंति ने कविशा दिलहारी (21) को भी पवेलियन भेज दिया। नीलाक्षी (आठ), अमा (19), सुगंधिका (01), इनोशी प्रियदर्शिनी (07) रन बनाकर आउट हुई।

## खास खबर

### भारत के खिलाफ पहले टेस्ट नहीं खेलेंगे चोटिल केन विलियमसन



**नई दिल्ली :** न्यूजीलैंड के चोटिल बल्लेबाज केन विलियमसन भारत के खिलाफ बेंगलुरु में होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में होगी। श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद टिम साउदी ने कप्तानी हटने के बाद टीम की कमान टॉम लेथम हाथों है और न्यूजीलैंड ने चोटिल विलियमसन की जगह टीम में मार्क चैपमैन को शामिल किया गया है। श्रीलंका दौरे पर विलियमसन की जांघ में चोट लगी थी जो अब तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स कहा कि हमें जो सलाह दी गई है उसके हिसाब से केन को आराम करने की जरुरत है। चोट के साथ उन्हें टीम रखना जोखिम भरा हो सकता है। हमें पूरा भरोसा है कि केन चोट से जल्दी ही ठीक हो जाएंगे और श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लेकिन हमें इस बात का दुख है कि वह पहले टेस्ट में हमारे साथ नहीं होंगे।

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में भारत के कप्तान होंगे सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक



चलने वाली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस क्रिकेट लीग में भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। टी-20 प्रारुप में होने वाली इस लीग के मुकाबले नवी मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। इस लीग में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा, कुमार संगाकारा, शेन वॉटसन, इयोन मोर्गन और अपने समय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक जोंटी रोड्स अपनी-अपनी टीमों के कप्तानी करते नजर आएंगे। सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के प्रयासों के बाद इंटरनेशनल मास्टर्स लीग को शुरू करने का विचार किया गया। इस टूर्नामेंट में 18 मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें 90 से अधिक क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ी शामिल होंगे।

### श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष थरंगा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**कोलंबो :** श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष उपुल



थरंगा के खिलाफ आठ अक्टूबर को अदालत में पेश नहीं होने के कारण गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मटाले उच्च न्यायालय द्वारा जारी वारंट मैच फिक्सिंग मामले से जुड़ा है। जिसमें कैंडी में आयोजित लीजेंड्स लीग टूर्नामेंट शामिल है। रिपोर्ट में बताया गया कि थरंगा वर्तमान में अमेरिका में हैं जहां वह एक फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

### पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन बना भारत-जर्मनी हॉकी सीरीज का शीर्षक प्रायोजक

**नई दिल्ली :** जर्मनी के खिलाफ 23 अक्टूबर से शुरु होने वाली दो मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के लिए हॉकी इंडिया ने पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) को शीर्षक प्रायोजक घोषित किया है। लगभग एक दशक के अंतराल के बाद नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारत और जर्मनी के बीच 23 और 24 अक्टूबर को मुकाबले खेले जाएंगे। इस स्टेडियम पर आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मैच जनवरी 2014 को हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल के तौर पर खेला गया था। पीएफसी भारत बनाम जर्मनी द्विपक्षीय हॉकी सीरीज 2024 में दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क होगा। प्रशंसकों को अपने टिकट सुरक्षित करने की अनुमति देने के लिए एक मुफ्त डिजिटल टिकटिंग प्रणाली शुरू की जाएगी। वर्चुअल टिकट प्राप्त करने के लिए प्रशंसकों को बस आधिकारिक टिकटिंग लिंक पर जाना होगा।

# भारत ने जीती टी-20 सीरीज

## दूसरे टी-20 में बांग्लादेश को 86 रन से हराया

### नीतीश रेड्डी ने 74 रन बनाए, दो विकेट भी लिए, भारत को सीरीज में अजेय बढ़त

● **नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने नई दिल्ली में बांग्लादेश को 86 रन से दूसरा टी-20 हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने 9 विकेट खोकर 221 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सका। परवेज हसन इमोन ने 16, मेहदी हसन मिराज ने 16, लिटन दास ने 14 और नजमुल हुसैन शांतो ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन से ज्यादा का आंकड़ा भी नहीं छू सके। भारत से नीतीश रेड्डी और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। जबकि मयंक यादव, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह और अभिषेक शर्मा को 1-1 विकेट मिला। भारत से नीतीश रेड्डी ने 34 गेंद पर 74 रन बनाए, उन्होंने फिर गेंदबाजी से 2 विकेट भी लिए। रेड्डी को ही प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। वरुण चक्रवर्ती ने भी 2 विकेट लिए। बांग्लादेश से महमूदुल्लाह ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। दूसरा मुकाबला जीतकर भारत ने 3 टी-20 की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। तीसरा मुकाबला 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा।




# जो रुट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने मैच पर बनाई पकड़

● मुल्तान, एजेंसी

**जो** रुट के (नाबाद 176) रन, हैरी ब्रूक के (नाबाद 141) की शतकीय तथा जैक क्रॉली (78) तथा बेन डकेट (84) के अर्द्धशतकों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 492 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है।

यहां इंग्लैंड ने कल के एक विकेट पर 96 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 25वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने शतक की ओर बढ़ रहे जैक क्रॉली को आमेर जमाल के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बेन डकेट ने जो रूट के साथ संभलकर खेलते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। भोजनकाल तक दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 119 रनों की साझेदारी करते हुए इंग्लैंड ने 45 ओवरों में दो विकेट पर 226 रन बना लिए थे। भोजनकाल के बाद शुरु हुए खेल में जमाल ने डकेट को (84) पर पगबाधा आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद रुट और ब्रूक ने संभलकर खेलते हुए खेल को आगे बढ़ाया और पाकिस्तानी गेंदबाजों को खेल समाप्ति तक कोई मौका नहीं दिया।




### इंग्लैंड ने तीन विकेट पर बनाए 492 रन, अभी भी 64 रन पीछे

दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने शतक पूरे किए। खेल समाप्ति के समय रुट (नाबाद 176) और ब्रूक (नाबाद 141) पर खेल रहे थे। हालांकि इंग्लैंड अभी पाकिस्तान के पहली पारी में बनाए गए 556 के स्कोर से 64 से पीछे है। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह, शाहीन शाह और आमेर जमाल ने एक-एक विकेट लिया।

# प्लेऑफ में जगह बनाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी इंडिया कैपिटल्स

● श्रीनगर, एजेंसी

**लीजेंड्स** लीग क्रिकेट (एलएलसी) के तीसरे संस्करण में इंडिया कैपिटल्स गुरुवार को मणिपाल टाइगर्स के खिलाफ मुकाबले में जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने और दूसरे स्थान पर पहुंचने की कोशिश करेगी। अपने पिछले मैच में आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल करने के बाद, कैपिटल्स का लक्ष्य के ग्रुप स्टेज को शानदार तरीके से खत्म करना है। छह अंकों के साथ और गुजरात ग्रेट्स पर ताजा जीत के बाद, कैपिटल्स वर्तमान में अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। वहीं, मणिपाल टाइगर्स सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। इस उच्च-दांव वाले मुकाबले में जीत कैपिटल्स को न केवल प्लेऑफ में जगह दिलाएगी बल्कि शीर्ष-दो स्थान को सुरक्षित करने के लिए उनकी दावेदारी को भी मजबूत करेगी। इंडिया कैपिटल्स इस मैच में गुजरात ग्रेट्स पर हौसला बढ़ाने वाली जीत के साथ उतरेगी, जहां कप्तान इयान बेल ने 49 गेंदों पर नाबाद 41 रनों की सूझ-बूझ भरी पारी खेलकर टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई थी। टीम की गेंदबाजी, जिसमें इकबाल अब्दुल्ला और धवल कुलकर्णी ने प्रमुख भूमिका निभाई है, पूरे सीजन में उनकी ताकत रही है। खासकर इकबाल अब्दुल्ला ने नियमित रूप से महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लिए हैं और बेहतरीन फॉर्म में हैं। बैटिंग के मोर्चे पर, कैपिटल्स ने चमकदार प्रदर्शन किया है, जिसमें भरत चिपली, बेन डंक और कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने अहम मौकों पर योगदान दिया है। हालांकि, मणिपाल टाइगर्स के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने के लिए शीर्ष क्रम को दबाव में प्रदर्शन करना होगा। इंडिया कैपिटल्स के कप्तान इयान बेल ने कहा कि हमें पता है कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मैच है। पिछले मैच में हमने जबरदस्त धैर्य दिखाया था, और अब हमारे पास शीर्ष-दो में जगह बनाने का मौका है, जिससे हमें प्लेऑफ में एक मजबूत बढ़त मिलेगी। टीम पूरी तरह से एकजुट है और हम जानते हैं कि इस मुकाबले में क्या दांव पर लगा है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और लीग स्टेज को सकारात्मक तरीके से समाप्त करेंगे। दूसरी ओर, मणिपाल टाइगर्स के कप्तान हरभजन सिहं हैं, इस सीजन में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और वर्तमान में अंकतालिका में दूसरे स्थान पर हैं। गुजरात ग्रेट्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में ऑलराउंडर थिसारा परेरा ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था।

# भारत अंडर-19 ने जीती टेस्ट सीरीज

### ऑस्ट्रेलिया को पारी और 120 रन से हराकर दो 2-0 से जीती सीरीज

**चेन्नई, एजेंसी :** अनमोलजीत सिंह (नौ विकेट) और मोहम्मद एनान (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने चार दिवसीय दूसरे टेस्ट मैच में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 277 पर समेटने के बाद उसे दूसरी पारी में 95 रन पर ढेर कर मुकाबला पारी और 120 से जीत लिया है। इसी के भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली है।

मैंच में शानदार गेंदबाजी नौ विकेट लेने वाले अनमोलजीत सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत की घातक गेंदबाजी का आलम यह था कि बुधवार को दिन ऑस्ट्रेलिया के रिकॉर्ड 17 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार के तीन विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट पर 208 के



स्कोर पर ली यंग (66) के रूप में गिरा। यंग को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद क्रिश्चियन होवे (4) पर रनआउट हो गये। ऐडन ओ'कॉनर (18) को समर्थ नागराज ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान कप्तान ऑलिवर पिक ने अपना शतक पूरा किया। ऑलिवर को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। ऑलिवर ने 199 गेंदो में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (117) रन बनाए। ओली पैटरसन (12), एल रानाल्डो (2), विश्व रामकुमार (4) रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी 80.2 ओवर में 277 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अनमोलजीत सिंह और मोहम्मद एनान ने चार-चार विकेट लिए। समर्थ नागराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। पहली पारी में 215 रनों पिछड़ने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को फ्लोऑन खेलने के लिए मजबूर किया।

# आर्कटिक ओपन में हारीं पीवी सिंधु

## सिधु को मिशेल ली से 16-21, 10-21 से हराया, मालविका प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची

● वांता (फिनलैंड)

**भारतीय** बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु आर्कटिक ओपन 2024 के शुरुआती दौर में कनाडा की मिशेल ली से हाकर बाहर हो गईं हैं। वहीं उनकी हमवतन मालविका बंसोड़ ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के बुधवार को 37 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधु को कनाडा की मिशेल ली से 16-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद पीवी सिंधु का यह पहला टूर्नामेंट था। सिंधु ने पहले गेम में शुरुआती बढ़त हासिल की। लेकिन इसके बाद वह लय बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। वहीं, मिशेल ने शानदार शॉट्स के साथ अंक अर्जित किए और पहला गेम 21-16 से जीत लिया। इसके बाद दूसरे गेम में मिशेल ने लगातार अंक अर्जित करते हुए

### मालविका ने चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-19, 24-22 से हराया

21-10 से आसान जीत दर्ज की। वहीं महिला एकल के एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-19, 24-22 हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। प्री-क्वार्टर में मालविका का सामना थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन से होगा। इसके अलावा आकर्षी कश्यप ने 45 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी की यवोन ली को सीधे गेम में 21-19, 21-14 से मात देकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल के क्वालीफायर मुकाबले में किरण जॉर्ज फ्रांस के लुकास क्लेयरबाउट को 21-16, 13-21, 21-19 से हराकर पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।



# डीपीएल में वाटिका की धमाकेदार जीत

**नई दिल्ली :** डीएसए प्रीमियर लीग में बुधवार को पहली लीग की विजेता वाटिका एफसी ने पिछड़ने के बाद फ्रेंड्स यूनाइटेड को छकाते हुए 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज की। यहां अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गये इस मैच में विजेता वाटिका एफसी के लिए कुशाग्र कक्कड़ और अभिषेक बाक्सला ने दमदार गोल जमाए। वहीं दिन के पहले मुकाबले में सीआईएसएफ ने सुदेवा एफसी को गोल शून्य बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। वाटिका और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया दूसरा मैच पहले हाफ तक ऊंचाइयों को नहीं छू पाया। हालांकि फ्रेंड्स यूनाइटेड ने 12 वें मिनट में कप्तान अजय सिह के गोल से बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद वह सब हुआ जिसकी कल्पना नहीं थी। लगातार दो मैच हारने वाली वाटिका ने तेवर बदले और अनुभवी खिलाड़ियों से सजी फ्रेंड्स यूनाइटेड को दौड़ा दौड़ा कर थकाने की रणनीति अपनाई, जोकि कारगर रही। एक ओर अजय, महिप अधिकारी, अंकित और अक्षय हुरिया बार बार मौके गंवाते रहे।

# हरिद्वार में एक स्थान ऐसा भी है, जहां विरजमान है मां दुर्गा की 24 शक्ति धारा

शारदीय नवरात्रि अपने समापन की तरफ बढ़ रहे हैं और इस बार नवरात्रि का त्योहार पूरे 9 दिनों का है। हिंदू धर्म में नवरात्रि के त्योहार को बहुत ही पवित्र और शुभ फल देने वाला माना गया है। शक्ति और भक्ति के इस पर्व में सभी लोग श्रद्धा और यथा शक्ति के अनुसार मां भगवती की आराधना करते हैं। क्या आप जानते है हरिद्वार में एक स्थान ऐसा भी है जहां 24 शक्ति धारा बिरजमान है।

शारदीय नवरात्रि अपने समापन की तरफ बढ़ रहे हैं और इस बार नवरात्रि का त्योहार पूरे 9 दिनों का है। हिंदू धर्म में नवरात्रि के त्योहार को बहुत ही पवित्र और शुभ फल देने वाला माना गया है। शक्ति और भक्ति के इस पर्व में सभी लोग श्रद्धा और यथा शक्ति के अनुसार मां भगवती की आराधना करते हैं। क्या आप जानते है हरिद्वार में एक स्थान ऐसा भी है जहां 24 शक्ति धारा बिरजमान है। क्या है और कहां है यह 24 शक्ति धारा का मंदिर? हरिद्वार के उत्तर में सप्त सरोवर विस्तार में ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान में है यह 24 शक्ति धाराएं। आइए जानते हैं कौन- कौन 24 शक्तियां भरी पड़ी हैं।



## मां दुर्गा की शक्तियां

### आद्यशक्ति

अर्थात सृष्टि की मूल चेतना। आदिदेव ? कार के रूप में इसे ही प्रथम और सर्वोपरि पूज्य माना गया है। पुरुषवाचक संबोधन में इसे परब्रह्म भी कहते हैं। यहां एक मुख्य मंदिर है, जिसे ज्ञान मंदिर के रूप में वि निर्मित किया गया है। समग्र गायत्री महाविद्या के मर्म को इस एक में भी समझा जा सकता है।

### ब्राह्मी

अर्थात महाविद्या, सद्ज्ञान, सुविचार। सृजनात्मक सद्वृत्तियों के प्रसुप्त बीजों को जगाने- उगाने वाली महाशक्ति।

### वैष्णवी

व्यवस्था बुद्धि का पर्याय। संसार की सुव्यवस्था करने वाली, परिपोषण करने वाली विश्वंभर शक्ति।

### शांभवी

अवांछनीयता का निवारण करने वाली परिवर्तनकारी शक्ति, सृष्टि- संतुलन के लिए अनिवार्य प्रलयंकर शक्ति, जो अपने प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में गुण, कर्म, स्वभाव का परिष्कार करती है।

### वेदमाता

ज्ञान की समस्त ज्ञात-अज्ञात धाराओं की गंगोत्री, ज्ञान की जननी वेदगर्भ- वेदविद्या की कुंजी।

### देव माता

देवत्व को जन्म देने वाली देवोपम स्तर की मन:स्थिति बनाने वाली देवी।

### विश्व माता

सार्वभौम संस्कृति के संविधान का निरूपण करने वाली, वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन को सार्थक करने वाली शक्ति।

### ऋतंभरा

सत्य- असत्य, औचित्य- अनौचित्य में ऋत्र का वरण करने में साधक को सहायता देने वाली शक्ति।

### मंदाकिनी

अर्थात गंगा के समान पवित्र, बाह्याभ्यंतर को शुद्ध करने वाली देवी।

### अजपा

निश्चल स्थिति- अविचल निष्ठा की सिद्धि देने वाली।

### ऋद्धि

आत्मिक विभूतियों से व्यक्ति को असाधारण बना देने वाली शक्ति।

### सिद्धि

वैभव की अधिष्ठात्री, मनुष्य को समृद्ध- संपन्न बनाने वाली देवी।

### सावित्री

अचेतन की रहस्यमयी परतों का अनावरण करने वाली पंचमुखी सावित्री शक्ति।

### सरस्वती

बुद्धि को प्रखर और परिष्कृत करने वाली सद्वि चारणा की देवी।

### लक्ष्मी

अर्थात सर्वतोमुखी संपन्नताप्रदायक शक्ति, जो साधक में ''श्री'' तत्त्व बढ़ाने वाले गुणों का विकास करती है।

### महाकाली

असुरता का संहार करने वाली, मृत्यु की प्रतीक, प्रचंडता- प्रखरता की पर्याय रौद्रशक्ति।

### कुण्डलिनी

जीवन की सामान्य ऊर्जा को असामान्य में परिष्कृत कर चमत्कारी सफलताएँ प्रदान करने वाली तंत्रविद्या की अधिष्ठात्री देवी।

### प्राणाग्नि

साधक को प्राणवान बनाने वाली, जीवनी शक्ति बढ़ाकर अंत: सामर्थ्य बढ़ाने वाली शक्ति।

### भुवनेश्वरी

निगम के परिचालन की कसौटी पर विश्व- वैभव को अधिष्ठाता बना देने वाली शक्ति।

### भवानी

संगठन कौशल का धनी बनाने वाली, व्यक्ति को युग- नेतृत्व सौंपने वाली देवी विभूति।

### अन्नपूर्णा

वह चेतना शक्ति जिसकी कृपा से साधक को अभाव नहीं सताने पाते। अर्थ- सन्तुलन हेतु सद्बुद्धि देने वाली शक्ति।

### महामाया

भ्रांतियों का निवारण करने वाली, भव- बंधनों से मुक्ति दिलाने वाली।

### पयस्विनी

भूलोक की कामधेनु जिसकी कृपा से साधक में ब्रह्मतेज बढ़ता है, कोई अभाव नहीं रहता।

### त्रिपुरा

ओजस, तेजस् और वर्चस् बढ़ाने वाली, पापों से उबारकर महान बनाने वाली सामर्थ्य देने वाली देवी।

# नवरात्रि अष्टमी और नवमी का व्रत कब– 11 या 12 अक्टूबर...

नवरात्रि में अष्टमी और नवमी पूजन का विशेष महत्व है। लेकिन, इस बार अष्टमी और नवमी के व्रत को लेकर बड़ा कंफ्यूजन बना हुआ है। दरअसल, नवरात्रि के आरंभ से ही एक दिन में दो तिथियां लगने के कारण ऐसा हुआ है। इसलिए अष्टमी का व्रत 10 या 11 अक्टूबर कब रखना है इसे लेकर कंफ्यूजन बना हुआ है। आइए जानते हैं नवरात्रि 2024 अष्टमी और नवमी का पूजन कब किया जाएगा।





नवरात्रि के अष्टमी और नवमी व्रत को लेकर इस बार बड़ा कंफ्यूजन बना हुआ है। दरअसल, इस बार नवरात्रि में तिथि कुछ इस तरह से चल रही है कि विजयदशमी के दिन नवरात्रि का पर्व समाप्त हो रहा है। तिथियों का ऐसा फेर है कि एक ही दिन में दो तिथियां लग रही हैं। यहीं क्रम दशहरे तक चल रहा है। ऐसे में इस बार अष्टमी और नवमी व्रत को लेकर कंफ्यूजन है कि किस दिन व्रत रखा जाएगा। आइए जानते हैं अष्टमी का व्रत कब रखा जाएगा और नवरात्रि नवमी का व्रत कब माना जाएगा।

### कब है अष्टमी का व्रत...

पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि का आरंभ 10 अक्टूबर को दोपहर में 12 बजकर 32 मिनट पर हो रहा है और 11 तारीख को अष्टमी तिथि दोपहर में 12 बजकर 7 मिनट तक रहेगी। इसके तुरंत बाद ही (10 अक्टूबर गुरुवार के दिन) नवमी तिथि का आरंभ हो जाएगा।

### कब है नवमी का व्रत...

जबकि नवमी तिथि 12 तारीख को सुबह 10 बजकर 59 मिनट तक रहेगी। पंचांग की गणना के अनुसार, जिन लोगों को अष्टमी का व्रत रखना है वह 10 अक्टूबर (गुरुवार) को अष्टमी का व्रत रखेंगे और नवमी तिथि का व्रत रखना है वह 11 अक्टूबर शुक्रवार के दिन रखेंगे।

### कब करें कन्या पूजन...

तिथि के हेरफेर के बीच में कंफ्यूजन यह बना हुआ है कि कन्या पूजन कब करना है। जिन लोगों का यहां महा अष्टमी पूजा होता है उन्हें कन्या पूजन 11 अक्टूबर शुक्रवार के दिन करना होगा और जिन लोगों को नवमी तिथि का पूजन करना है वह 12 अक्टूबर शनिवार को सुबह 10 बजकर 59 मिनट से पहले पहले कन्या पूजन कर लें। क्योंकि, इसके बाद दशमी तिथि आरंभ हो जाएगी।

### महा अष्टमी का महत्व

नवरात्रि में आने वाली अष्टमी को महाअष्टमी कहा जाता है। इसे महानिशा की रात भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा के सबसे शक्तिशाली रूप से पूजा की जाती है। इस दिन मां दुर्गा की पूजा के साथ साथ कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन जो व्यक्ति कन्या पूजन करता है उसके घर में सुख समृद्धि का वास होता है और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। महाअष्टमी पर मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। मां महागौरी को अन्नपूर्णा का स्वरुप माना जाता है। इसलिए इस दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है।

### महा नवमी का महत्व

महानवमी पर मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि सिद्धिदात्री की पूजा से व्यक्ति को सारी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से व्यक्ति रोग मुक्ति और भय मुक्त हो जाता है। महानवमी के दिन मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को व्रत का फल देती हैं। इसलिए महानवमी का महत्व सबसे अधिक माना जाता है।

# पापियों का संहार करके भक्तों की रक्षा करती हैं कालरात्रि माता

नवरात्रि के 7वें दिन को महासप्तमी कहते हैं। नवरात्रि के 7वें दिन माता कालरात्रि की पूजा की जाती है। माता कालरात्रि को साहस, पराक्रम और न्याय की देवी माना जाता है। कालरात्रि माता पापियों का संहार करके भक्तों की रक्षा करती हैं।

माता कालरात्रि की यह व्रत कथा पढ़ने से न केवल भय का नाश हो जाता है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर भक्त अपने शत्रु का सामना करने से भी नहीं घबराते हैं। मां कालरात्रि हमेशा सच्चाई और न्याय पर चलने का संदेश देती है। एक समय पर, रक्तबीज नाम के एक राक्षस का आतंक फैल गया था। रक्तबीज के पास एक वरदान था कि उसके शरीर से गिरने वाला हर खून की बूंद एक नए राक्षस को जन्म देती थी। यह वरदान उसे अमर बना रहा था। देवता और मनुष्य, सभी उसकी क्रूरता से पीड़ित थे। देवताओं ने इस समस्या



का समाधान खोजने के लिए भगवान शिव से मदद मांगी। इस दानव का अंत केवल मां पार्वती ही कर सकती हैं।

भगवान शिव ने कहा। देवताओं ने मां पार्वती से प्रार्थना की। मां पार्वती ने रक्तबीज का अंत करने के लिए मां कालरात्रि को उत्पन्न किया। मां कालरात्रि ने रक्तबीज का सामना किया और युद्ध शुरू हो गया। रक्तबीज को मारना लगभग असंभव था क्योंकि उसके खून की हर बूंद एक नए राक्षस को जन्म दे रही थी, लेकिन मां कालरात्रि ने एक योजना सोची। उन्होंने रक्तबीज पर आक्रमण किया और जैसे ही उसके शरीर से खून बहना शुरू हुआ, उन्होंने अपने मुंह से सारा खून पी लिया। इस तरह रक्तबीज और अधिक राक्षसों को जन्म नहीं दे पाया और अंत में, मां कालरात्रि ने उसका वध कर दिया। इस प्रकार मां कालरात्रि ने संसार को रक्तबीज के आतंक से मुक्त कराया। माता कालरात्रि अपने भक्तों का दुख दूर करके उनमें साहस का संचार करे। जय महाकाली।

# दशहरे पर करें ये 7 अचूक उपाय

## पूरे साल बनी रहेगी मां दुर्गा की कृपा, धन संपत्ति में होगी वृद्धि

विजयदशी के दिन मां दुर्गा की 9 दिनों तक पूजा अर्चना के बाद विदाई की जाती है। इस दिन मां दुर्गा को बहुत ही धूमधाम से विदा किया जाता है। दशहरे का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इसलिए इस दिन जो भी उपाय करते हैं उनका दोगुना फल मिलता है। दशहरे पर यदि आप नीचे बताए गए 7 सरल उपाय करते हैं तो आपको धन धान्य की कभी कोई कमी नहीं होगी। साथ ही करियर में रुकी हुई तरक्की भी आपको मिलेगी। आइए जानते हैं दशहरा के कुछ सरल उपाय।

दशहरा जिसे विजयदशमी के नाम से भी जाना जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। दशहरे का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। दरअसल, इस दिन मां दुर्गा की विदाई भी होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस दिन दसों दिशाएं खुली रहती हैं। इसलिए इस दिन की गई यात्रा और उपाय कई गुना अधिक फल देते हैं। इस बार विजयदशमी 12 अक्टूबर शुक्रवार के दिन हैं। आइए जानते हैं इस दिन किए जानें कुछ सरल उपाय जो आपको भरपूर लाभ दिलाएंगे।

**दशहरा पर करियर में तरक्की के उपाय**- विजयदशमी यानी दशहरे के दिन यात्रा करना बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसा करने से आपको करियर में तरक्की और सफलता मिलती है। क्योंकि, इस दिन सारी दिशाएं खुली रहती हैं। इसलिए इस दिन की गई यात्रा का फल कई गुना मिलता है। यदि आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना रहे हैं तो इस दिन से शुरू कर सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन दशमी तिथि लगने के साथ ही यदि आप अपने स्थान का परिवर्तन करते हैं यानी अपने स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं तो आपको तरक्की और सफलता दोनों मिलेंगी।

**दशहरा पर नवरात्रि जयंती से करें ये उपाय**- इसके अलावा दशहरे के दिन जो आपने जयंती बोई थी। उसमें से कुछ जयंती लें और उन्हें अपने सिर पर रखें और फिर उसे अपने सिर पर रखना चाहिए। इसके अलावा कुछ जयंती लेकर उन्हें लाल रंग के कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में जरूर रखना चाहिए ऐसा करने से आपकी धन संपत्ति में वृद्धि होती है। साथ ही विद्यार्थी भी थोड़ी जयंती लेकर अपनी किताब में रख सकते हैं।



**दशहरे के दिन करें पान का सेवन**- दशहरे के दिन पान खाना का भी महत्व है। इस दिन पान का सेवन जरूर करना चाहिए। दरअसल, शास्त्रों में पान को बहुत ही शुभ माना गया है। पान खाने से सुख समृद्धि बनी रहती है। इसलिए इस दिन पान का सेवन जरूर करें।

**दशहरे पर मंदिर में झाड़ू दान करें**- यदि आपको धन हानि का सामना करना पड़ रहा है तो दशहरे के दिन किसी मंदिर में झाड़ू का दान कर दें। ऐसा करने से आपको जो भी आर्थिक परेशानियां आ रही हैं वह सभी समाप्त हो जाएंगी। इस उपाय को आपको शाम के समय करना है और जिस समय यह उपाय आप करें उस दौरान मां लक्ष्मी का ध्यान जरूर कर लें।

**दशहरे के दिन इस उपाय से मिलेगा प्रमोशन**- यदि किसी व्यक्ति को नौकरी और व्यापार में परेशानी आ रही है तो मां दुर्गा को फल अर्पित करके उन फलों को बच्चों में बांट दें। मां दुर्गा को कम से कम 10 तरह के फल जरूर अर्पित करें। फल चढ़ाते समय ओम विजयायै नम: मंत्र का जप करें। ऐसा करने से आपको यदि प्रमोशन या व्यापार में किसी तरह की समस्या आ रही है तो उनसे छुटकारा मिलेगा।

**दशहरे पर उन्नति और तरक्की के लिए उपाय**- तरक्की और उन्नति पाने का लिए आप चाहें तो एक उपाय और दशहरे के दिन कर सकते हैं। दशहरे वाले दिन एक नारियल पीले रंग के कपड़े में लपेट दें। इस नारियल को किसी राम मंदिर में जाकर अर्पित कर दें। ऐसा करने से रुकी हुई तरक्की फिर से मिलना शुरू हो जाएगी।

**दशहरे की रात शमी के पेड़ में घी का दीपक जलाएं**- साथ ही दशहरे के दिन शमी के पेड़ की पूजा करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन शमी के पेड़ में घी की दीपक जलाने से व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही जीवन में भी सफलता मिलनी शुरु हो जाएगी। साथ ही आपको प्रोफेशनल लाइफ में भी विजय मिलनी शुरु हो जाती है।

# दुर्गा पूजा : अब कम सुनाई देती है ढाक की मधुर आवाज


कुछ वर्षों पहले तक ढाक बजाने वाले यानी ढाकी दुर्गा पूजा का अभिन्न हिस्सा हुआ करते थे, लेकिन अब ज्यादातर पूजा पंडाल में ढाकी नजर नहीं आते। अगर यह कहा जाए कि आधुनिक युग में साल-दर-साल ढाक जैसा मधुर वाद्य यंत्र लुप्त होता जा रहा है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मालूम हो कि ज्यादातर ढाकी या उसे बजाने वाले मुर्शिदाबाद, हुगली, मालदा, बांकुड़ा और पुरूलिया जिलों की ग्रामीण सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। कुछ किसान और राजमिस्त्री हैं, जबकि शेष साल में बाकी समय छोटे-मोटे काम करते हैं और दुर्गा पूजा का इंतजार करते रहते हैं ताकि कुछ अतिरिक्त आमदनी हो



सके। हुगली के 42 वर्षीय ढाकी पुरुषोत्तम दुलाई ने कहा- हमारे पूर्वजों ने ढाक बजाना शुरू किया था। यह उनकी आजीविका बन गई थी और लंबे समय तक बनी भी रही, लेकिन अब स्थिति बहुत विपरीत हो गई है। सियालदह स्टेशन के पास बैठे दुलाई अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ दूर्गापूजा में ढाक बजाने यहां आए हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अब केवल ढाक बजाकर जीविका नहीं चलाई जा सकती। बीते कुछ सालों से अच्छी तरह उन्हें यह समझ में आ गया है, इसलिए साड़ी बुनाई का काम शुरू कर दिया। हम कुछ अतिरिक्त पैसे कमाने के लिए कोलकाता में ढाक बजाने आएं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि एक वक्त था जब दुर्गा पूजा में पारंपरिक वाद्य यंत्र ढाक बजाने का विशेष महत्व होता था। ढाक की मधुर आवाज के बगैर दुर्गा पूजा की कल्पना नहीं की जा सकती थी। पूजा और आरती के समय ढाक बजाना शुभ माना जाता है, लेकिन कालक्रम में धीरे धीरे इस कला पर मुश्किलों के बादल छाने लगे। 8-10 वर्ष पहले तक दुर्गा पूजा से तीन-चार महीने पहले ही इन ढाकियों को ढाक बजाने के लिए अग्रिम राशि दे दी जाती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। शहर के विभिन्न इलाकों में दर्जनों ढाकी बुधवार दोपहर तक इस आशा और उम्मीद में बैठे नजर आएं कि आयोजक आएंगे और पंडाल में ढाक बजाने को उन्हें ले जाएंगे।

-शंकर जालान

# आलिया ने राहा को दिखाया 'राधा तेरी चुनरी' और 'बदतमीज दिल'



आलिया भट्ट और रणबीर सिंह नए मम्मी-पापा बने हैं। उनकी बातों में अक्सर बेटी राहा का जिक्र रहता है। आलिया भट्ट अपकमिंग फिल्म जिगरा की शूटिंग में बिजी हैं। इस दौरान मीडिया ने उनसे बेटी राहे के बारे में पूछा कि उसको पहला गाना कौन सा दिखाया। इस पर आलिया ने बताया कि राहा को थोड़े-थोड़े गाने दिखाने लगे हैं। राहा ने राधा तेरी चुनरी और बदतमीज दिल पर अपने पेरेंट्स को डांस करते देखा है। आलिया भट्ट जिगरा की प्रेस मीट में थीं।

वहां उनसे सवाल किया गया कि उनका कौन सा गाना राहा ने पहली बार देखा था। इस पर आलिया बोलीं, 'कल ही उसने मेरी जिंदगी का पहला गाना, 'राधा तेरी चुनरी' देखा। वह अब लगभग दो साल की हो गई है अभी उसको गाना थोड़ा-थोड़ा दिखा रहे हैं। हालांकि पहला गाना उसने जो देखा था वो ब्रह्मास्त्र का केसरिया था। लेकिन कल राधा तेरी चुनरी और बदतमीज दिल बैक टु बैक देखा। वह जरूर सोच रही होगी कि ये सब (नाचना-गाना) नॉर्मल है।' आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के बीच नजदीकी ब्रह्मास्त्र की शूटिंग के दौरान बढ़ी थी। 14 अप्रैल 2022 में दोनों की शादी हुई। राहा नवंबर 2022 में पैदा हुई थी। नीतू कपूर इंटरव्यूज में बता चुकी हैं कि रणबीर और राहा के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आलिया ने बताया था कि राहा को सुलाने के लिए रणबीर ने मलयालम लोरी भी सीख ली है।

# श्वेता के आगे नहीं चल पाया सुरभि ज्योति का जादू



## उम्र में बड़ा अंतर लेकिन पलक की मम्मी के आगे पड़ीं फीकी



ऑनलाइन ट्रोलिंग के बारे में श्वेता ने पहले कहा था, 'मुझे हर दिन अजीब कमेंट मिलते हैं और ये मुझे चौंका देते हैं' चाहे पारंपरिक हो या मॉडर्न कपड़े, उनमें खूबसूरत और स्टाइलिश कैसे दिखना है, ये उन्हें बखूबी आता है। श्वेता तिवारी को आखिरी बार 'मैं हूं अपराजिता' में लीड रोल में देखा गया था। वो एक साल के गैप के बाद हाल ही में टॉक शो 'आपका अपना जाकिर' में भी देखी गईं। कॉमेडी सर्कस का नया दौर जीतने के 13 साल बाद उन्होंने कॉमेडी में वापसी की। श्वेता की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। वह समय-समय पर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं जो उनके फैंस का दिन बना देते हैं। हाल ही में श्वेता ने हाई-स्लिट बॉडी हगिंग गाउन पहने हुए अपनी एक शानदार फोटो शेयर की। वहीं, दूसरी तरफ पिंक ड्रेस में उन्हें टक्कर दे रही हैं सुरभि ज्योति। उनकी भी खूब तारीफ हो रही है। श्वेता तिवारी के गाउन में लंबी आस्तीन के साथ एक प्लंजिंग नेकलाइन भी है जो उनके ड्रेस की खूबसूरती बढ़ा रही है। उन्होंने अपने आउटफिट को रूबी स्टोन ड्रॉप इयररिंग्स के साथ पेयर किया और अपने बालों को खुला रखा है। ऑनलाइन ट्रोलिंग के बारे में श्वेता ने पहले कहा था, 'मुझे हर दिन अजीब कमेंट मिलते हैं और ये मुझे चौंका देते हैं।

# सोनू निगम बोले- ये वीडियो मेरी बेटी ने कैप्चर किया है



बॉलीवुड के शानदार सिंगर सोनू निगम की आवाज की दीवानी पूरी दुनिया है। सोनू भले ग्लैमरस जगत से ताल्लुक रखते हैं लेकिन जब बात आस्था और भक्ति की आती है तो वहां वो पूरी तरह से स्प्रिचुअल नजर आते हैं। सोनू निगम के घर के मंदिर में भगवान की मूर्ति के अलावा क्या-क्या है, इसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर दिखाई है।

हालांकि, सोनू निगम ने ये वीडियो शेयर करते हुए बताया है ये झलक उनकी बेटी तीशा निगम ने कैप्चर किया। सौनू ने ये भी कहा है कि ये रूटीन उनका नवरात्रि के दिनों का रहता है। इस वीडियो में सोनू निगम धोती में अपने घर के मंदिर में प्रवेश करते दिख रहे हैं। सोनू मंदिर के अंदर प्रवेश करते ही सबसे पहले अपनी मां की पूजा करते दिख रहे हैं, उन्हें टीका लगाते हैं और फिर चुनरी भी चढ़ाते दिख रहे हैं। इसके बाद वो मंदिर में रखे सभी भगवान को टीका लगाते हैं। इसी दौरान कैमरे में कुछ ऐसी तस्वीरें कैप्चर होती हैं, जिसे लोग दंग रह गए हैं। इस मंदिर में फिल्मी जगत और म्यूजिक की दुनिया से जुड़े कई बड़े लोगों की तस्वीरें हैं, जिनकी वो पूजा करते दिख रहे हैं। गणेश भगवान, शिव पार्वती, कृष्णा, हनुमान जी इन प्रतिमाओं पर टीका लगाने के बाद सोनू ओशो, गुलशन कुमार, आशा भोसले, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर जैसे सितारों को भी टीका लगाते दिख रहे हैं। इन सबके अलावा उनके इस मंदिर में माइकल जैक्सन की भी तस्वीर है जिसपर वो टीका लगाते दिख रहे हैं।

# अलाना को पापा से पड़ी टॉप के लिए डांट

अनन्या पांडे की कजन अलाना पांडे फिल्म स्टार नहीं हैं लेकिन सोशल मीडिया पर पॉप्युलर हैं। वह ट्रैवल से जुड़े व्लॉग्स बनाती हैं। हाल ही में एक बच्चे की मां बनी हैं। अब वह अपना शो द ट्राइब लेकर आ रही हैं। इसे प्रमोट करने के लिए इंट्रेस्टिंग टीजर डाला है। इसमें उनके परिवार के लोग साथ बैठकर बातचीत कर रहे हैं। इस बीच अलाना के पिता चिक्की पांडे अपनी बेटी के छोटे कपड़ों पर कमेंट करते हैं। टीजर में अलाना ब्रालेट और कार्गो पहनकर अपनी फैमिली के साथ बैठी होती हैं। चिक्की अलाना से कहते हैं, 'अलाना कहीं ऐसा तो नहीं कि तुम टॉप पहनना भूल गई हो?' इस पर अलाना बोलती हैं, 'क्या आप सीरियस हैं? इस आउटफिट में क्या दिक्कत है?' इस पर उनके पापा बोलते हैं, 'तुम्हें नहीं लगता कि इसके साथ शर्ट की जरूरत है?' अलाना जवाब देती हैं, 'यही शर्ट है।'




उनके पिता जवाब देते हैं,'ये लॉस ऐंजिलिस नहीं है,बैंड्रा।' अलाना बोलती हैं, 'यही टॉप है।' अलाना समझाने की कोशिश करती हैं, 'ये ब्रालेट है।' उनके पिता बोलते हैं, 'ब्रालेट नहीं, इसे ब्रा कहते हैं और ये कवर होनी चाहिए।' इस क्लिप पर कई सारे लोगों के रिएक्शंस दिख रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, उसके पिता एकदम सही कह रहे हैं। इंसान को पता होना चाहिए कि परिवार के साथ कैसे बैठना है। इससे क्या दिखाना चाह रही है। इस पर कई लोगों ने अपने तर्क दिए हैं। एक ने लिखा है, फिर भारतीय पुरुष क्यों घरों में शर्ट उतारे घूमते हैं जबकि लड़कियों को गरमियों में भी शॉर्ट्स पहनने की इजाजत नहीं होती। एक कमेंट है, देखो इनको ये लगता है कि एलए में पहनना ठीक है लेकिन भारत में नहीं एक और कमेंट है, अगर तुम्हारे डैड इस पर मना कर रहे हैं तो कपड़े पहन लो। डैड के सामने ऐसे क्यों बैठना है। जाहिर सी बात है कि वह अनकम्फर्टेबल हो रहे हैं।

# संजय लीला भंसाली ने खुद को कहा शापित



संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के बड़े डायरेक्टर हैं। उनका बचपन परेशानियों में बीता है, इस पर वह पहले भी कई बार बात कर चुके हैं। एक रीसेंट इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि कैसे उनकी बैरंग जिंदगी ने पर्दे पर उनकी फिल्मों को रंग दिए। संजय ने याद किया कि उनकी मां छोटी सी जगह पर नाचती थीं, अब उनकी हिरोइनों के लिए बड़ा और महंगा सेट होता है। द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में संजय लीला भंसाली ने कहा, 'हर आर्टिस्ट को अपमानित होना पड़ता है। अगर मजाक न उड़ाया जाए, या आपके साथ जो सही-गलत हुआ उसे लेकर आपमें गुस्सा न हो तो आपको एक्प्रेस करना नहीं आएगा। आपके पास कहने के लिए कुछ होगा ही नहीं। एक्सप्रेशन आक्रोश से आता है। मैं खुश किस्मत हूं कि कष्ट में पैदा हुआ। मैं खुशकिस्मत हूं कि 300 स्क्वैयर फीट बेरंग चॉल में पैदा हुआ। मैं खुशकिस्मत हूं कि उस पिता के यहां जन्मा जो पीछे अधूरे सपने छोड़ गए। इससे मुझे इतना धैर्य मिला जितना किसी फिल्ममेकर को नहीं मिल सकता।'

# जावेद बोले- मेरे डायलॉग्स को रिजेक्ट कर देता है फरहान



राइटर-लिरिसिस्ट जावेद अख्तर सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल, जावेद अख्तर ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बताया कि उनके बच्चे- जोया अख्तर और फरहान अख्तर, उनके द्वारा लिखे गए डायलॉग्स को रिजेक्ट कर देते हैं। उनके हिसाब से जो लाइन्स जावेद अख्तर लिखते हैं वो आउटडेटेड लाइन्स होती हैं। इतना ही नहीं, जावेद अख्तर ने ये भी बताया कि एक बार जोया ने उन्हें फिल्म में दिखाए जाने वाले कुत्ते के डायलॉग्स लिखने के लिए दिए थे।

जावेद अख्तर ने सपन वर्मा को दिए इंटरव्यू में कहा, "जोया और फरहान के लिए मेरा बॉस बनना बहुत आसान है। दूसरे लोग संकोच करेंगे, खुलकर नहीं बोलेंगे, लेकिन मेरे बच्चे बिना किसी संकोच के अपनी राय रखते हैं। खासकर जोया। फरहान मुझसे लड़ता नहीं है, वो बस मेरे द्वारा लिखी गईं लाइनों को खारिज कर देता है। लेकिन जोयावो मुझसे लड़ने लगती है।"

जावेद अख्तर ने आगे कहा, "मैं समझता हूं कि वो दोनों सारी बातें अंग्रेजी में सोचते हैं, अंग्रेजी में सपने देखते हैं, लेकिन जिस भाषा में वो फिल्म बना रहे हैं उसकी बारीकियों को मैं उनसे थोड़ा ज्यादा जानता हूं। फिर भी, वे अक्सर मुझसे कहते रहते हैं, 'ये लाइन आउटडेटेड है या ये डायलॉग पुराना लग रहा है।' पिछले 25 सालों में, मैंने फरहान के लिए सिर्फ एक स्क्रिप्ट लिखी है, 'लक्ष्य' की और जोया के लिए उसकी पहली फिल्म 'लक बाय चांस' के कुछ डायलॉग्स लिखे थे।"

# करीना और सिद्धार्थ बने ब्रांड एंबेसडर



बॉलीवुड आइकॉन करीना कपूर खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा को ग्लोबल अपैरल रिटेलर यूनीक्लो ने भारत में ब्रांड के नए चेहरे के रूप में घोषित किया है। इस रोमांचक साझेदारी की शुरुआत में यूनीक्लो के 2024 फॉल विंटर कैंपेन में दोनों सुपरस्टार्स नजर आएंगे। अपनी प्रामाणिक और विशिष्ट शैली के लिए मशहूर, करीना और सिद्धार्थ यूनीक्लो की लाइफवियर मूल्यों की विविधता और कालातीतता को जीवंत करते हैं।

सर्दियों के मौसम से पहले, नए कैंपेन में सितारों को यूनीक्लो के विंटर एसेंशियल्स को प्रस्तुत करते हुए दिखाया गया है। करीना ने गर्म और आरामदायक फ्लफी यार्न फ्लीस जैकेट लॉन्च की है, जबकि सिद्धार्थ ने वर्सटाइल पफटेक पार्का को हाईलाइट किया है। 30-सेकंड के कैंपेन वीडियो में करीना और सिद्धार्थ को यूनीक्लो के विंटर एसेंशियल्स को अपने रोजमर्रा की जिंदगी में सहजता से शामिल करते हुए दिखाया गया है।



यूनीक्लो के साथ अपनी साझेदारी के बारे में बात करते हुए, करीना कपूर खान ने कहा, ₹यूनीक्लो मेरे और मेरे परिवार के लिए रोज़मर्रा की आवश्यक कपड़ों के लिए एक पसंदीदा ब्रांड रहा है। यह पार्टनरशिप एक स्वाभाविक सहयोग जैसा लगता है क्योंकि मेरा मानना है कि कपड़ों को क्लासिक, कार्यात्मक और बहुमुखी होना चाहिए। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा, ₹ यूनीक्लो नवीनता और कालातीत शैली को सहजता से मिलाने के लिए जाना जाता है। मैं जिस चीज की सबसे अधिक प्रशंसा करता हूं वह यह है कि वे किस तरह चीजों को बहुमुखी बनाए रखते हैं, ऐसा फैशन बनाते हैं जो अपनी धार खोए बिना रोजमर्रा की जिंदगी के अनुकूल हो जाता है ।

# नवरात्रि उत्सव में अभिनेता-अभिनेत्रियों ने की शिरकत



सांस्कृतिक राजधानी के रूप में डोंबिवली की प्रसिद्धि हर जगह है। मंत्री रवींद्र चव्हाण की पहल से "नमो रमो नवरात्रि' पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र का सबसे बड़ा नवरात्रि उत्सव भी डोंबिवली में ही मनाया जाता है। इस नवरात्रि उत्सव में कल्याण-डोंबिवली सहित पूरे महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में गरबा प्रेमी नागरिक पारंपरिक पोशाक में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस साल गरबा क्वीन गीताबेन रबारी इस महोत्सव में अपने सुरों से जादू से हर दिन रंग ला रही हैं। उन्हें मशहूर गरबा गायक नीलेश गढ़वी और केतन पटेल का भी साथ मिल रहा है। 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक तारक मेहता फेम स्टार दिलीप जोशी, अभिनेता जितेंद्र जोशी, गशमीर महाजनी, मनजोत सिंह, यश सोनी, मल्हार ठाकर, करण टॅकर, आशीष गुलाटी और अभिनेत्री सई मांजरेकर, उर्मिला कानिटकर, श्रद्धा डांगर, रिधिमा पंडित और आर्या जाधव आदि मराठी-हिन्दी-गुजराती सिनेमा जगत के अभिनेता-अभिनेत्रियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर साल की तरह इस साल भी जाने-माने कला निर्देशक संजय धबड़े ने एक शानदार सेट बनाया है। इस वर्ष स्वास्तिक इवेंट्स के अनिल पासड़ ने पूर्णतः वातानुकूलित 70 हजार वर्ग फीट जगह में 135 फीट गुणा 500 फीट का भव्य एसी डोम बनाया है। टीटू कुलकर्णी ने साउंड की जबरदस्त व्यवस्था की है। अम्बा माता की पूजा और आरती के लिए 24x24 आकार का अम्बा माता मंदिर स्थापित किया गया है।

# फैशन परेड में चमके सितारे

आईबीबी क्रोनिकल्स की अर्चना जैन द्वारा भव्य रूप से आयोजित ग्लोबल फैशन परेड का आयोजन मुंबई के सेंट रेजिस होटल में किया गया। आर्ट मीडिया ऐड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम में कई मशहूर हस्तियों की उपस्थिति रही, जिसमें शायना एनसी, सीमा सिंह, अनिल काशी मुरारका, श्याम सिंघानिया, महेश पाटिल और अर्चना जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रियंशु चटर्जी, बिग बॉस फेम अर्चना गौतम, मोनालिसा, अनुस्मृति सरकार, विश्वजीत प्रधान, दक्ष सेठी, हैरी आनंद, खालिद सिद्दीकी, उमेश फिरवानी, और एकता जैन जैसे सितारे भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सिमरन आहूजा द्वारा किया गया, जबकि शो का निर्देशन शाइ लोबो ने किया। ग्लोबल फैशन परेड 2024 में चार



शोज़ हुए। पहला शो स्टाइल कास्टी (वामिका लुथिया ज्वेलरी) के लिए था, जहां मोनालिसा, दक्ष सेठी और विश्वजीत प्रधान शो स्टॉपर थे। दूसरा शो लुब्धा रितेश पोरवाल द्वारा प्रस्तुत मीट एंड ग्रीट फाउंडेशन का था, जिसमें दिव्या पोरवाल ने शो ओपन किया, और अर्चना गौतम, अनुस्मृति सरकार और दक्ष सेठी शो स्टॉपर थे। तीसरा शो ओईशी डायमंड्स का था, जिसमें सिमरन आहूजा और दक्ष सेठी ने शो ओपन किया, जबकि उमेश फिरवानी, दिव्या पोरवाल, अनुराधा गुप्ता, तरुण खन्ना और स्मृति खन्ना शो स्टॉपर रहे। ग्रैंड फिनाले बॉबी के द्वारा था, जिसमें नदया और दक्ष सेठी शो ओपनर थे, और प्रियंशु चटर्जी एवं अनुपमा कुवर शो स्टॉपर थे। शायना एनसी ने अर्चना जैन को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना बेहद महत्वपूर्ण है और अर्चना का यह कदम सराहनीय है। सीमा सिंह, अनिल काशी मुरारका, प्रताप सरनाईक और श्याम सिंघानिया की उपस्थिति इस कार्यक्रम की महत्ता को दर्शाती है। मेघाश्रेय फाउंडेशन की सीमा सिंह ने नवरात्रि के अवसर पर इस विशेष कार्य की सराहना की और अर्चना द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की प्रशंसा की। शायना एनसी ने महिलाओं के लिए जो हौसला बढ़ाया है, उसका भी उन्होंने आभार व्यक्त किया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ जनता को पहुंचाएं : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जनपद में अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके इस उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर गठित की गई जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए यूपीनेडा, एनपीसीएल, जिला लीड बैंक प्रबंधक, योजना के लिए नामित वेंडरों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से कहा कि यह प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है और इसका लाभ जनपद के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस आयुक्त कार्यालय, तहसीलों, ब्लॉकों तथा सार्वजनिक स्थानों पर बैनर एवं होर्डिंग आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना की जानकारी प्राप्त कर इससे लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी ने यूपीनेडा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि इस योजना को लेकर प्रदेश स्तर पर नामित वेंडरों की आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कराते हुए योजना का प्रचार कराया जाए।




बैठक में उपस्थित वेंडरों ने योजना को जनपद में क्रियान्वित करने में सम्मुख आ रही समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिस पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने यूपीनेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेंडर के सम्मुख जो समस्याएं आ रही है उनका शीघ्र निस्तारण कराया जाए, ताकि जनपद में अधिक से अधिक लोग पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हो सके। उन्होंने लीड बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदक द्वारा ऋण के लिए किए गए आवेदन पर बैंकों के माध्यम से यथाशीघ्र ऋण उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप प्रमेय, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी द्वितीय यूपीनेडा श्री राम, एएलडीएम रोमि अवस्थी, एनपीसीएल, अन्य अधिकारियों तथा योजना हेतु नामित वेण्डर उपस्थित रहे।

# 29वी सीनियर महिला नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप आज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 29वी सीनियर महिला नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप फार राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी के आयोजन की शुरुआत आज से हो रही है। उद्घाटन मैच मेजबान उत्तर प्रदेश व आंध्र प्रदेश के बीच शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा में होगा उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद मेनन ने बताया कि मेजबान यूपी के साथ आंध्र प्रदेश, असम एवं भारतीय रेलवे की महिला टीम प्रतिभाग करेगी। यह चैंपियनशिप 14 अक्टूबर 2024 तक चलेगी।

अरविंद मेनन ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि यूपी का फुटबॉल निचले स्तर से उठकर ऊपर तक जाए, जिससे फुटबॉल खेल का विकास होगा। अरविन्द मेनन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित मोहन बागान बनाम ईस्ट बंगाल के बीच फुटबॉल मैत्री मैच में घोषणा की। 18 मंडल में फुटबॉल खेल के लिए स्टेडियम तथा 827 ब्लॉक स्तर पर भी फुटबॉल मैदान आगामी 3 वर्ष में खिलाड़ियों को प्राप्त हो जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव



मोहम्मद शाहिद ने भी संबोधित किया। पुष्कर शर्मा ने बताया कि अगले कड़ी में नोएडा में 130 टीम बनाकर फुटबॉल के हर आयु वर्ग मैच आयोजित किए जाएंगे।

एमिटी में अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन

# 'जापान में 2050 तक 8 लाख आईटी प्रोफेशनल्स को मिलेगी जॉब'



**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा 6वें अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन 'आईसीईआईएल-2024' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा स्टार्ट अप एक्सपो और अभिनव डिजाइन प्रोजेक्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता ''यूरेका'' का शुभारंभ भी किया गया। सम्मेलन आधारित ऐबस्ट्रैक्ट बुक, स्टार्टअप एक्सपो सोवेनियर और यूरेका सोवेनियर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

जापान के सेकिशो कोरपोरेशन के अध्यक्ष मसाकी सेकी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत और जापान के मध्य के संबंध नये आयाम स्थापित कर रहे है दोनों के मध्य द्विपक्षीय सहयोग बढ़ रहा है। जापान में इस वर्ष अगस्त में लगभग 50000 भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की नियुक्ती की गई है और सन-2050 तक लगभग 4 से 8 लाख और भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की नियुक्ती की जायेगी। एमिटी द्वारा आयोजित इस प्रकार के सम्मेलन छात्रों के अंदर उद्यमिता के गुणों को विकसित करके उन्हे भविष्य में वैश्विक नागरिक के रूप में तैयार करेगें।

एमिटी विश्वविद्यालय के चांसलर डा अतुल चौहान ने अतिथियों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय छात्रों में इन तीन कौशलों उद्यमिता, नवाचार और नेतृत्वता के गुणों का विकास करके उन्हे विकसित भारत में सहयोग देने के लिए तैयार कर रहा है। वर्तमान में देश विकास के परिवर्तन काल से गुजर रहा है और छात्र इस परिवर्तन के संवाहक है। हमारे देश की युवा शक्ति ही विकसित भारत का निर्माण करेगी और हम छात्रों के विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उद्घाटन सत्र के दौरान केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग कुमार पासवान का विशेष संदेश भी पढ़ा गया। अपने संदेश में श्री पासवान ने अत्यंत प्रासंगिक विषय पर सम्मेलन आयोजित करने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय को बधाई दी तथा कहा कि ऐसे सम्मेलन छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अपने प्रयासों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं।

भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद के मैनेजिंग डायरेक्टर डा जितेन्द्र कुमार, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एसोसिएशन ऑफ बायोटेक्नोलॉजी लेड एंटरप्राइजेस के अध्यक्ष जी एस कृष्णन ने छात्रों को संबोधित किया।

# नवंबर में होगा व्यापारी मिलन समारोह व्यापारियों का होगा जनाधार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** व्यापारिक सुरक्षा फोरम संस्था की जिला महानगर नोएडा कार्यकारिणी की एक अहम बैठक उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रभारी जिला महानगर नोएडा राधा कृष्ण गर्ग की अध्यक्षता में एवं लवकेश कुमार गोयल जिला अध्यक्ष महानगर नोएडा की उपस्थिति में सुनील गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष के सेक्टर 6 स्थित कार्यालय पर हुई जिसमे जिला अध्यक्ष नोएडा महानगर ने बताया कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए हमारी संस्था सरकारी विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने की यथा सम्भव प्रयास करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी नवंबर माह में व्यापारी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें वैश्य समाज के सभी लोगों को सम्मिलित किया जाएगा।



बैठक में सुरेश गुप्ता, राजेंद्र गर्ग, डी. के. मित्तल, सौरभ गुप्ता, दिलीप वैश्य, अमीश राजवंशी, मनोज गोयल सेक्टर 9, एस.पी. शर्मा, मधुबाला वैश्य एवम इंदु कुमारी उपस्थित रहे। अंत में डी. के.मित्तल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# 'चिड़चिड़ापन, गुस्सा व एंजाइटी मानसिक तनाव के लक्षण'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ज्यादा चिड़चिड़ापन, गुस्सा, एंजाइटी मानसिक तनाव के लक्षण है। इसलिए मानसिक तनाव और उससे जुड़े लक्षणों को नजरअंदाज न करें। समय रहते सही कदम उठाने से न केवल मानसिक शांति मिल सकती है, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।


डॉ जयदीप गंभीर

## मानसिक स्वास्थ्य दिवस आज

फेलिक्स हॉस्पिटल के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ जयदीप गंभीर का कहना है कि हर व्यक्ति के जीवन में कठिनाई और चुनौती आती हैं, लेकिन जब ये भावनात्मक दबाव मानसिक तनाव का रूप लेने लगती हैं, तो यह हमारी दिनचर्या, रिश्तों और स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है। चिड़चिड़ापन, गुस्सा और एंजाइटी जैसे लक्षण, मानसिक तनाव का संकेत हो सकते हैं। ऐसे में चिड़चिड़ापन, गुस्सा और एंजाइटी (चिंता) जैसी समस्याएं आम हो गई हैं।

डॉ गम्भीर का कहना है कि अक्सर हम इन लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन ये संकेत होते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। लगातार छोटी-छोटी बातों पर नाराज या परेशान होना, लोगों से संवाद में कठिनाई होना और हर समय बेचैनी महसूस करना चिड़चिड़ेपन के सामान्य लक्षण हैं। यह न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक थकान का भी परिणाम हो सकता है। एंजाइटी भी मानसिक तनाव का एक और सामान्य रूप है जिसमें व्यक्ति को अत्यधिक चिंता और बेचैनी होती है। इससे व्यक्ति को नींद की कमी, थकावट, और रोज़मर्रा की गतिविधियों में ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो सकती है। कई बार यह चिंता बढ़ते-बढ़ते पैनिक अटैक तक भी पहुंच जाती है।

## मानसिक तनाव के कारण

**मानसिक तनाव के कारण कई हो सकते हैं। तेजी से बदलती जीवनशैली, बढ़ते काम का बोझ, पारिवारिक समस्याएं और सामाजिक दबाव मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। कोरोना महामारी के बाद लोगों में एंजाइटी और डिप्रेशन जैसे मानसिक विकारों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इसके अलावा आर्थिक असुरक्षा, रिश्तों में खटास और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पूरा न कर पाने की वजह से भी मानसिक तनाव हो सकता है। ऑफिस या कारोबार में अत्यधिक काम का बोझ और हमेशा परफॉर्म करने का दबाव व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर कर सकता है। रिश्तों में उतार-चढ़ाव, परिवार में अनबन या बच्चों की जिम्मेदारियों से तनाव भी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।**

## निपटने के उपाय

- **मानसिक तनाव को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है मेडिटेशन और योग। यह न केवल मन को शांत करता है, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी मदद करता है।**
- **नकारात्मकता को दूर करने के लिए सकारात्मक सोच को अपनाना बेहद जरूरी है। सकारात्मक सोच व्यक्ति को कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति देती है और मानसिक तनाव को कम करती है।**
- **शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त नींद लेना जरूरी है। इससे मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से व्यक्ति को राहत मिलती है।**

# हनुमान ने जला दी रावण की लंका

**श्री सनातन धर्म रामलीला समिति**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति नोएडा पिछले 39 वर्षों से रामलीला का मंचन करते आ रहे है। उसी परिप्रेक्ष्य में प्रसिद्ध एवं सुन्दर कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन पेश किया गया। जिसमें लंका दहन का दृश्य प्रस्तुत किया गया।

रामलीला में हनुमान जी वानरों के साथ आते है सुग्रीव के पास थी राम लक्ष्मण वहा से गुजरते है सुग्रीव की निगाह उन पर पड़ जाती है वे हनुमान जी को भेष बदल कर मिलने का आदेश देते है। हनुमान जी राम लक्ष्मण से विप्र रूप में मिलते है जिसके बाद हनुमान जी और राम जी दोनो एक दूसरे को पहचान लेते है और तभी हनुमान जी सुग्रीव से मित्रता करने की बात कह कर उनको अपने कंधों पर बैठा कर वहा से निकल पड़ते है। राम सुग्रीव में मित्रता होती है सुग्रीव अपने कष्ट को राम जी को बताता है राम जी इसका संपूर्ण समाधान निकाल लेते है और सुग्रीव को बाली से युद्ध करने का आदेश देते है। बाली तारा आसन पर बैठे है तभी सुग्रीव आता है दोनो में युद्ध होता है जिसमे सुग्रीव पिट कर जान बचा कर भाग आता है राम जी दोनों में से सुग्रीव की पहचान नहीं कर पाते। सुग्रीव फिर से राम के कहने पर माला गले में डाल कर बाली के पास जाता है दोनो में भयंकर युद्ध होता है राम अपने बाण से बाली पर प्रहार करते है और बाली मारा जाता है तारा और अंगद दोनो रोते है अंत में अंगद को राम की शरण में छोड जाता है और सुग्रीव को अपना राज्य मिल जाता है। बहुत समय बीत जाता है सुग्रीव अपने भोग विलास में लिप्त होता है तभी लक्ष्मण क्रोध में दरबार में जाते है और क्रोध में अपना धर्म सुग्रीव को याद दिलाते है सुग्रीव सारी सेना को लेकर राम जी के पास पहुंचता है।



लंका की खोज शुरू होती है वानर इधर उधर ढूंढते है तभी हनुमान जी विशाल समुंद्र किनारे और सभी बानर होते है की अब इस समुंद्र को कैसे पार किया जाए जामवंत द्वारा हनुमान की शक्ति को याद दिलाया जाता है और हनुमान जी आकाश में उड़ अकेले लंका की ओर निकल जाते है।

# सीता के वियोग में व्याकुल हुए श्री राम

**श्री रामलीला कमेटी साइट 4**

ग्रेटर नोएडा। श्री रामलीला कमेटी साइट 4 में आज 'सीता के वियोग में व्याकुल हुए श्री राम' का भव्य मंचन किया गया, जो दर्शकों के लिए एक अद्भुत अनुभव साबित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसमें अध्यक्ष मनजीत सिंह ने मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के गवर्नर रोटेरियन प्रशांत राज शर्मा, इंडिया एक्सपो मार्ट के चैयरमैन डॉ. राकेश कुमार, और पूर्व चैयरमैन जिलापंचायत गौतमबुद्धनगर वीरेन्द्र डाढ़ा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संयुक्त महासचिव सौरभ बंसल ने बताया कि राम वनवास के समय सीता जी और अनुज भ्राता लक्ष्मण के साथ चित्रकूट से आगे बढ़ते हैं, जहां उनकी मुलाकात ऋषि अगस्त से होती है, जो उन्हें पंचवटी का मार्ग बताते हैं। पंचवटी पहुँचकर सूपर्णखा श्री राम से विवाह का प्रस्ताव रखती हैं। कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग ने कहा कि लक्ष्मण जी द्वारा सूपर्णखा की नाक काटने के बाद वह खरदूषण के पास जाती है, जो रावण को राम और लक्ष्मण के खिलाफ युद्ध के लिए प्रेरित करता है। युद्ध में खरदूषण मारा जाता है और सूपर्णखा रावण को सीता का हरण करने के लिए उकसाती है।



महासचिव विजेन्द्र सिंह आर्य ने बताया कि श्री राम सीता के वियोग में रोते-बिलखते हैं और वन-वन उनकी खोज करते हैं। जटायु की घायल अवस्था में उनसे मुलाकात होती है, जो उन्हें बताता है कि रावण सीता को उठा ले गया है। अंततः जटायु अपने प्राण त्याग देता है।

# सीता हरण व राम-सुग्रीव मित्रता का वर्णन

**महर्षिनगर रामलीला**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-110 स्थित रामलीला परिसर में ब्रह्मलीन परम पूज्य महर्षि महेश योगी और ज्योतिष पीठाधीश्वर जगत गुरु श्री बासुदेवा नन्द सरस्वती जी महाराज के दिव्य आशीर्वाद से शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन यानि नौ अक्टूबर को मां दुर्गा की कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना वैदिक पंडितों द्वारा किया गया।



इस पावन अवसर पर रात्रि आठ बजे से रामलीला मंचन के सातवें दिन माता सीता का हरण, राम-सुग्रीव मित्रता और बालि का बध प्रसंग दिखाया गया। रामलीला कार्यक्रम में माता सीता का रावण द्वारा हरण और श्रीराम भगवान का माता सीता की खोज व विलाप प्रसंग ने रामभक्तों को भावुक कर दिया।

मीडिया प्रभारी ए के लाल ने बताया आज की रामलीला मंचन देखने गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा आर भाजपा के कार्यकर्ता चौधरी तेज सिंह चौधरी नवाब सिंह लोग थे.भंगेल बाजार, सलारपुर और गेझा के अलावा आस-पास के कई सोसाइटियों के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राहुल भरद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति भी रही इसके साथ इस अवसर पर श्री दुर्गा पूजा, विजयादशमी एवं श्री रामलीला महोत्सव के संयोजक रामेंद्र सचान साथ में महर्षि रामलीला समिति के संजय सिन्हा,शिशिरकांत श्रीवास्तव, यादवेंद्र यादव विनीत श्रीवास्तव कमलेश यादव, प्रभात गोस्वामी, अवधराज शुक्ला, रजनीश यादव, शशिभूषण यादव, श्रीकांत ओझा, विनोद श्रीवास्तव, ललन पाठक, विनोद दीक्षित, एस पी गर्ग सहित अन्य पदाधिकारी तथा नगर के हजारों धर्म प्रेमी जनमानस मौजूद थे।

# लक्ष्मण ने काटी सूर्पणखा की नाक

**श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री रामलखन धार्मिक लीला कमेटी द्वारा सेक्टर-46 के रामलीला मैदान में आयोजित सातवें दिन की रामलीला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र भाटी पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश, एवं पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष बिमला बाथम द्वारा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी ने रामलीला देखने आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम महापुरुष थे और उनका चरित्र अनुकरणीय है, वह एक चरित्र मान महापुरुष थे। इसलिए पूरा समाज उनका अनुकरणीय है, उन्होंने कहा कि माता केकेई को जो पिता ने वचन दिया था। उसे पूरा कर दिया और खुद बनवास चले गए ,सीता अपहरण और सुग्रीव जी से मिलन तथा सुग्रीव के बड़े भाई के अत्याचारों से परेशान को न्याय दिलाने का कार्य रामचंद्र भगवान ने किया, साथ ही कहा कि रावण बलशाली ब्राह्मण था, जिसका सम्मान खुद रामचंद्र जी ने उसे समय किया, जब लक्ष्मण उनके सर की तरफ खड़े होकर कुछ कहते हैं, तो रामचंद्र जी ने उन्हें कहा कि आप उनके पैरों की तरफ जाकर बोले, उन्होंने कहा कि रामलीला देश के आदर्श त्योहारों में से है, इसे हिंदू ही नहीं सभी धर्मो के लोगों को आदर्श के रूप में मनाना चाहिए, क्योंकि इसमें



रामचंद्र भगवान के चरित्र का वर्णन किया गया है ,साथ ही उन्होंने आयोजन समिति का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार की रामलीला से लोगों को कुछ ना कुछ सीख मिलती है। इस अवसर पर पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने भी रामलीला आयोजकों को बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शक्ति मोहन अवस्थी डीसीपी सेंट्रल नोएडा मौजूद रहे। उन्होंने भी रामलीला आयोजन का आभार प्रकट किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में दैनिक सच कहूं के मुख्य संपादक ऋषिपाल अरोड़ा, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राकेश यादव मौजूद रहे।

सातवें दिन की रामलीला में लीला वाचक पंडित कृष्णा स्वामी ने सूर्पनखा का दंडक वन में प्रवेश और नारद जी से सुपर्णखा का संवाद, नारद जी का सुपण खा को लक्ष्मण जी के पास भेजना, लक्ष्मण जी के द्वारा शूर्पणखा के नाक कान काटना, खरदूषण का वध होना, रावण दरबार, रावण का मारिच को लेकर सीता का हरण करना तथा जटायु का वध करना, सीता की खोज में प्रभु राम शबरी आश्रम में आना, तथा किष्किंधा पर्वत पर सुग्रीव व हनुमान जी से मिलन होने की लीला का मंचन देखने लायक था।

इस अवसर पर आयोजक समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल सीएमडी प्रिया गोल्ड, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, वाइस चेयरमैन पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंघल, पंडित कृष्णा स्वामी, संजय गोयल, आलोक गुप्ता, गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव, अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल,सीए मनोज अग्रवाल,अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, प्रदीप गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, सी ए राजीव जैन, राहुल गुप्ता, तेजेंद्र मलिक, सौरभ अग्रवाल, रोहिणी नगर, डॉक्टर मनोज अग्रवाल का रामलीला में विशेष सहयोग चल रहा है।